शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 21 – 31 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदय: 05:27 | सूर्यास्त: 17:52 |



एसआईआर के विरोध में राज्य के कई जिलों में प्रदर्शन पृष्ठ 5

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : हमें उन चीज़ों के बारे में लिखने से अपने को रोकना चाहिए, जो हमें बहुत उद्वेलित करती हैं।

# 'परिवर्तन' का शॉर्टकट भवानीपुर से होकर गुजरता है : अमित शाह

## शुभेंदु अधिकारी के नामांकन रैली में मुख्यमंत्री के गढ़ में गरजे गृह मंत्री



- कहा... 'राज्य में बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए 170 सीट जीतनी होंगी'
- शाह का दावा, शुभेंदु को भवानीपुर से लड़ने के लिए किया राजी
- शाह बोले... 'मैं 15 दिनों तक यहीं रहूंगा'

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के भवानीपुर से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया को गुरुवार को एक 'हाई-वोल्टेज' राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया और दावा किया कि राज्य में परिवर्तन का 'शॉर्टकट' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनकी अपनी सीट पर हराना है। शाह ने कहा कि वैसे तो भाजपा को बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए 170 सीट जीतनी होंगी लेकिन केवल भवानीपुर में अधिकारी की जीत से ही राज्य की राजनीति में अपने आप परिवर्तन आ जाएगा। शाह ने दक्षिण कोलकाता में हाजरा क्रॉसिंग से रोड शो शुरू करने से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए भवानीपुर के मुकाबले को केवल एक और विधानसभा सीट की लड़ाई के रूप में नहीं, बल्कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा के अभियान के प्रतीकात्मक केंद्रबिंदु के रूप में प्रस्तुत किया। शाह ने रैली में मौजूद लोगों से कहा कि राज्य में परिवर्तन होगा लेकिन भवानीपुर में परिवर्तन होना चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि मैं भवानीपुर के लोगों से हाथ जोड़कर अपील करता हूं कि पूरे राज्य की मुक्ति के लिए हमारे उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी को भारी अंतर से जीत दिलाएं। शाह ने कहा कि उन्होंने अधिकारी को नंदीग्राम के अपने पारंपरिक गढ़ तक सीमित रहने के बजाय मुख्यमंत्री के गढ़ भवानीपुर से चुनाव लड़ने के लिए खुद राजी किया। शाह ने कहा कि शुभेंदु दा नंदीग्राम से चुनाव लड़ना चाहते थे। मैंने उनसे कहा कि सिर्फ नंदीग्राम नहीं, आपको ममता बनर्जी के घर में घुसकर उन्हें वहीं हराना है। उन्होंने लोगों से कहा कि 2021 में सत्ता में लौटने के बावजूद ममता नंदीग्राम में अधिकारी से हार गई थीं। शाह ने कहा कि उन्होंने बंगाल में सरकार बनाई लेकिन नंदीग्राम में शुभेंदु अधिकारी से हार गईं। इस बार वह केवल पूरे राज्य में ही नहीं, भवानीपुर में भी हारेंगी। हाजरा क्रॉसिंग से शुरू हुए रोड शो के दौरान अमित शाह और शुभेंदु अधिकारी प्रचार वाहन के ऊपर एक साथ खड़े थे। इस दौरान भाजपा समर्थकों ने बंगाल में 'परिवर्तन' के नारे लगाए। उन्होंने भाजपा के लक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा कि हम एक के बाद एक सीट जीतेंगे और 170 तक पहुंचेंगे। तभी परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे पास एक 'शॉर्टकट' है। अगर भवानीपुर के लोग हमें यह एक सीट जिता दें तो परिवर्तन अपने आप हो जाएगा। इस दौरान, शाह ने 'अवैध आव्रजन' और सीमा सुरक्षा के भाजपा के मुख्य चुनावी मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य को परिवर्तन की जरूरत है। पीएम मोदी के नेतृत्व में यहां भाजपा की सरकार बननी चाहिए। बंगाल की सीमाएं सील की जानी चाहिए और घुसपैठियों को चुन-चुनकर राज्य और देश से बाहर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि घुसपैठ इतनी बढ़ गई है कि बंगाल का अस्तित्व ही खतरे में है। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह भी घोषणा की कि वह चुनाव प्रचार के दौरान 15 दिन पश्चिम बंगाल में रहेंगे। शाह ने कहा कि मैं चुनाव के दौरान 15 दिन पश्चिम बंगाल में रहूंगा। आपसे बात करने के कई मौके होंगे। आज मैं अपने उम्मीदवारों, खासकर शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। रोड शो कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच हाजरा क्रॉसिंग से शुरू हुआ और भवानीपुर के बीचोंबीच से गुजरते हुए आगे बढ़ा जिसके बाद अधिकारी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान शाह भी उनके साथ थे।

### अमित शाह की मौजूदगी में शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया

**रोड शो के दौरान ममता के घर के पास भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ता आए आमने-सामने**



भाजपा नेता शुभेंदु आधिकारी के गुरुवार को भवानीपुर से नामांकन दाखिल करने को पार्टी ने शक्ति प्रदर्शन के तौर पर पेश किया और इस दौरान इलाके की सड़कों पर 'जय श्री राम' और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारों की गूंज सुनाई देती रही। इस दौरान अधिकारी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और अन्य नेता भी मौजूद रहे। भाजपा के पोस्टर-बैनर और झंडों तथा फूलों से सजे एक ट्रक के ऊपर खड़े होकर शाह ने हाथ हिलाकर लोगों और समर्थकों का अभिवादन किया। कड़ी सुरक्षा के बीच शाह का काफिला हाजरा क्रॉसिंग से आगे बढ़ा। 'रोड शो' शुरू होने से पहले हाजरा क्रॉसिंग पर एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आज मैं विशेष रूप से शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। कुछ ही देर में शाह और अधिकारी विशेष रूप से सजाए गए वाहन पर सवार हुए और भवानीपुर से होते हुए आगे बढ़े। शाह और अधिकारी जिस वाहन में सवार थे, उसमें भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार स्वपन दासगुप्ता और चौरंगी के प्रत्याशी संतोष पाठक भी मौजूद थे। रैली के कालीघाट के पास पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक सड़क किनारे जमा हो गए; वे पार्टी के हरे-सफेद झंडे लहरा रहे थे और 'जय बांग्ला' तथा 'ममता बनर्जी ज़िंदाबाद' के नारे लगा रहे थे। कालीघाट के पास भाजपा के रोडशो और तृणमूल कार्यकर्ताओं के आमने-सामने आने के बाद स्थिति तनावपूर्ण बन गई। कुछ देर दोनों विरोधी दलों के समर्थक एक-दूसरे से महज कुछ ही मीटर की दूरी पर खड़े होकर नारेबाजी करते रहे।

# 'न्यायिक अधिकारियों का घेराव सोचा-समझा कदम'

## न्यायालय ने बंगाल सरकार को लगाई फटकार

**बुधवार देर रात तक खुद स्थिति पर रखनी पड़ी नजर : मुख्य न्यायाधीश**

**पूछा- मालदा के डीएम-एसपी क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती जैसा**

**बंगाल के वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी**



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कवायद में लगे सात न्यायिक अधिकारियों को ''बंधक'' बनाए जाने की घटना का बृहस्पतिवार को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए इसे निंदनीय बताया और ''निष्क्रियता'' को लेकर राज्य के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य अधिकारियों से जवाब देने को कहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने निर्वाचन आयोग को इस घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराए जाने का अनुरोध करने की अनुमति दी।

पीठ ने कहा कि यह घटना न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने और जारी चुनावी प्रक्रिया को रोकने के लिए ''एक सोचा-समझा एवं निहित स्वार्थों से प्रेरित कदम'' प्रतीत होती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था तंत्र ''ध्वस्त'' हो गया है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई में देरी को लेकर राज्य के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मालदा जिले में तीन महिलाओं समेत सात न्यायिक अधिकारियों को असामाजिक तत्वों ने बंधक बना लिया था। उन्होंने कहा कि बुधवार देर रात तक उन्हें खुद स्थिति पर नजर रखनी पड़ी। न्यायालय ने इस घटना के संबंध में मीडिया की खबरों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ''न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की खुलेआम की गई कोशिश है बल्कि इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देती है।'' पीठ ने कहा कि वह किसी को भी न्यायिक अधिकारियों पर मनोवैज्ञानिक हमला करने के लिए कानून अपने हाथ में लेने और हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देगी। उसने निर्वाचन आयोग से कहा कि एसआईआर कार्य में लगे न्यायिक अधिकारियों, उनके परिवारों और अन्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की मांग की जाए। न्यायालय ने कहा कि यह पश्चिम बंगाल सरकार और उसके अधिकारियों द्वारा ''कर्तव्य का पालन नहीं किए जाने'' का भी मामला है और उन्हें अपनी निष्क्रियता का कारण बताना होगा।

**मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया**

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव में कथित संलिप्तता के आरोप में पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक चुनाव उम्मीदवार सहित कम से कम 17 लोगों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) उम्मीदवार मौलाना शाहजहां अली और 16 अन्य लोगों को गिरफ्तार करके जिला अदालत में पेश किया गया और उन्हें 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ये लोग कल रात मालदा में हुई घटना में शामिल थे। हमारे पास पुख्ता सबूत हैं। उनसे पूछताछ की जाएगी।

### निर्वाचन आयोग ने एनआईए को सौंपी जांच

उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी। दिल्ली में निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि एनआईए की एक टीम शुक्रवार को राज्य में मौजूद रहेगी।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## देश का रक्षा निर्यात बीते वित्त वर्ष में 62.66 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच पर जानकारी देते हुए कहा कि रक्षा निर्यात में यह ''बड़ी छलांग'' भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाती है। देश रक्षा निर्यात में सफलता की शानदार कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा, '' वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 62.66 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि 14,802 करोड़ रुपये की इस बड़ी वृद्धि से भारत की स्वदेशी क्षमताओं और उन्नत विनिर्माण क्षमता पर वैश्विक भरोसा झलकता है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 54.84 प्रतिशत और निजी उद्योग का योगदान 45.16 प्रतिशत रहा जो सहयोगात्मक एवं आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र की ताकत को दर्शाता है। भारत का रक्षा निर्यात 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये और 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये रहा था। रक्षा मंत्रालय ने बयान में 2025-26 में दर्ज रक्षा निर्यात को एक ''ऐतिहासिक उपलब्धि'' बताया। मंत्रालय ने कहा, भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में स्थान दिलाने के लक्ष्य के अनुरूप है।

## रिजर्व बैंक के कदमों से रुपया 152 पैसे मजबूत होकर 93.18 प्रति डॉलर पर



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक के कड़े कदमों के बाद बृहस्पतिवार को रुपये में कई वर्षों की सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी देखी गई और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 152 पैसे मजबूत होकर 93.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, डॉलर के मज़बूत होने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 188 पैसे चढ़कर 92.82 के उच्चस्तर तक पहुंच गया। हालांकि, सत्र के अंत में यह 152 पैसे यानी 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले, रुपया सोमवार को 95 के स्तर के पार चला गया था। शुक्रवार को यह 94.84 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि, उसके बाद रिजर्व बैंक की तरफ से उठाए गए कई कदमों ने इसे समर्थन दिया। रिजर्व बैंक ने 27 मार्च, 2026 को जारी परिपत्र के जरिये बैंकों के लिए रुपये में नेट ओपन पोजिशन की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी और 10 अप्रैल तक इसका अनुपालन अनिवार्य कर दिया।

## न्यायिक अधिकारियों पर हमला निंदनीय, भाजपा अशांति फैलाने की 'साजिश' रच रही : ममता

**मुख्यमंत्री ने मालदह घटना की जानकारी न होने का दावा किया, कहा... 'प्रशासन मेरे नियंत्रण में नहीं'**



**मुर्शिदाबाद :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदह में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में गुरुवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल में अशांति फैलाने और अंततः चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए 'साजिश रचने' का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी और सुति में रैलियों को संबोधित करते हुए ममता ने सधे हुए शब्दों में भाजपा पर तीखा हमला किया और लोगों से 'भाजपा के दंगों के जाल' में नहीं फंसने का आग्रह किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर न्यायिक अधिकारियों की 'रक्षा करने में विफल रहने' का आरोप लगाया तथा जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक शक्तियां छीन लिए जाने के बावजूद वह राजनीतिक रूप से लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि मेरी सारी शक्तियां छीन ली गई हैं और बंगाल को बदनाम किया जा रहा है। प्रशासन से किसी ने भी मुझे मालदह घटना के बारे में सूचित तक नहीं किया। उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों का समर्थन करते हुए ममता ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने बिल्कुल सही कहा है। मालदह घटना की निंदा करते हुए ममता ने कहा कि लोगों को विरोध करने का अधिकार है लेकिन 'किसी को भी न्यायाधीशों या न्यायिक अधिकारियों को परेशान नहीं करना चाहिए'। उन्होंने आरोप लगाया कि मालदह प्रकरण का इस्तेमाल 'पूरे बंगाल को बदनाम करने' के लिए किया जा रहा है। ममता ने सुति रैली में कहा कि भाजपा ने कई योजनाएं बनाई हैं और भारत सरकार उसकी सहयोगी की भूमिका निभा रही है। अमित शाह एक साजिश की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। मैं आप सभी से अपील करती हूं – दंगों के जाल में नहीं फंसें। यह भाजपा की साजिश है। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने बार-बार अपने समर्थकों से उकसावे का जवाब नहीं देने का आग्रह किया और भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में चित्रित किया जो बंगाल में चुनावी हार के बाद ध्रुवीकरण तथा तनाव पैदा करने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि वे सोचते हैं कि वे बाहुबल से जीत हासिल कर लेंगे। वे सोचते हैं कि वे बल प्रयोग से जीत छीन लेंगे। मैं सभी से अपील करती हूं – दंगे या हिंसा में शामिल नहीं हों। शांत रहें।

### विमानों में बिना अतिरिक्त शुल्क के 60 प्रतिशत सीट उपलब्ध कराने के निर्देश पर रोक

**मुंबई :** सरकार ने विमानन कंपनियों को दिए गए अपने पूर्व निर्देश को बृहस्पतिवार को ''स्थगित'' कर दिया, जिसमें उन्हें 20 अप्रैल से किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीट बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। सूत्रों ने यह जानकारी दी। नागर विमानन मंत्रालय ने 18 मार्च को घोषणा की थी कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को विमानन कंपनियों को किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीट बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराने का निर्देश देने के लिए कहा गया है ताकि यात्रियों को उचित पहुंच सुनिश्चित हो सके।

### सोना, चांदी, प्लैटिनम के सभी तरह के उत्पादों के आयात पर लगा अंकुश

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के दुरुपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को सोना, चांदी और प्लैटिनम से जुड़े सभी प्रकार के उत्पादों के आयात पर अंकुश लगा दिया। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना के मुताबिक, ये अंकुश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। यह रोक पहले से किए गए सौदों या भुगतान जैसी किसी भी शर्त के बावजूद लागू होगी। इसके साथ ही, संक्रमणकालीन प्रावधान का लाभ भी उपलब्ध नहीं होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि अध्याय 71 के तहत आने वाले उत्पादों की आयात नीति में संशोधन किया गया है। इस अध्याय में प्राकृतिक या संवर्धित मोती, कीमती या अर्द्ध-कीमती पत्थर, कीमती धातुएं, कीमती धातुओं से जड़े उत्पाद, आभूषण, नकली गहने और सिक्के शामिल हैं।

## ईरान में जल्द ''काम खत्म करेगी'' अमेरिकी सेना : ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही ईरान में जल्द ''काम खत्म करेगी'' अमेरिकी सेना : ट्रंप ईरान में जल्द ''काम खत्म करेगी'' अमेरिकी सेना : ट्रंप काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं।'' ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी, 2026 को पहली बार हमला किया था जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की और पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, ईरान में जल्द ''काम खत्म करेगी'' अमेरिकी सेना : ट्रंप ईरान में जल्द ''काम खत्म करेगी'' अमेरिकी सेना : ट्रंप अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए।'' ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के इस संबोधन में हाल के हफ्तों में कही गई अपनी कई बातों को दोहराया। जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, कई अमेरिकी मानते हैं कि अमेरिका की सेना ने ईरान में जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप किया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गैस एवं तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में ट्रंप के इस भाषण से जनभावना में कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं लगती। ट्रंप के बयान का वैश्विक वित्तीय बाजारों पर तत्काल असर दिखा। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने कहा, ''मुझे आज रात यह कहते हुए खुशी हो रही है कि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य लगभग पूरे होने वाले हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम काम खत्म करने वाले हैं और हम इसे बहुत तेजी से पूरा करेंगे। हम बहुत करीब पहुंच चुके हैं।''

### यूएस-इजरायल के हमले में ईरान का सबसे ऊंचा पुल बी1 हुआ तबाह



ईरान-इजरायल के बीच बीते एक महीने से ज्यादा समय से जारी है। इस युद्ध के दौरान दोनों तरफ से लगातार एक दूसरे पर हमले हो रहे हैं। अमेरिका और इजरायल जहां ईरान को निशाना बना रहा है वहीं ईरान भी जवाबी हमले कर रहा है। गुरुवार को अमेरिका और इजरायल ने ईरान एक बड़ा हमला करते हुए उसके बी1 ब्रिज को तबाह कर दिया है। इस हमले के बाद इलाके में बिजली गुल हो गई। वो मिडिल ईस्ट का सबसे ऊंचा ब्रिज था। ये ब्रिज ईरान के करज में स्थित था। इसे बनाने में 400 मिलियन यूएस डॉलर का खर्च आया है। यह पुल 1050 मीटर लंबा और इसमें कुल आठ खंड थे।

### विदेश सचिव मिसरी ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर ब्रिटेन की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया

**नयी दिल्ली :** ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में की गई आंशिक नाकेबंदी के बीच सुरक्षित समुद्री परिवहन सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटेन में बृहस्पतिवार को हुए लगभग 30 देशों के शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भाग लिया। इस नाकेबंदी से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। मिसरी ने डिजिटल माध्यम से चर्चा में भाग लेते हुए क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन मार्गों की सुरक्षा पर नयी दिल्ली का रुख स्पष्ट किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, जहां तक भारत का सवाल है, आप भली-भांति जानते हैं कि हम स्वतंत्र और खुले वाणिज्यिक परिवहन एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री सुरक्षा के पक्षधर हैं।

### 'आप' ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता के पद से हटाने का आग्रह किया

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर अपने सांसद राघव चड्ढा को सदन में पार्टी के उप-नेता के पद से हटाने का आग्रह किया और उनके स्थान पर पंजाब के सांसद अशोक मित्तल का नाम प्रस्तावित किया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, पत्र में कहा गया है कि चड्ढा को सदन में बोलने के लिए 'आप' के निर्धारित कोटे से समय आवंटित नहीं किया जाना चाहिए। चड्ढा, पंजाब से राज्यसभा सांसद भी हैं। यह कदम 'आप' से जुड़े मामलों पर चड्ढा की लंबे समय से चली आ रही चुप्पी और पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के कई सार्वजनिक कार्यक्रमों से उनकी अनुपस्थिति के बीच उठाया गया है। कभी केजरीवाल के करीबी विश्वासपात्र और देश के सबसे युवा सांसदों में से एक माने जाने वाले चड्ढा ने पार्टी के कार्यों में अहम भूमिका निभाई थी। इसमें खासकर पंजाब और दिल्ली में 'आप' के कार्यकाल के दौरान उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। हालांकि, हाल के महीनों में हालात बदल गए हैं।

### भारत और नेपाल ने सात परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**काठमांडू :** भारत ने नेपाल के साथ हिमालयी देश में 47.3 लाख नेपाली रुपये की अनुदान सहायता के तहत सात विकास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बृहस्पतिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारतीय दूतावास और नेपाल के सामान्य प्रशासन मंत्रालय ने कृषि और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में परियोजनाओं को शुरू करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। भारतीय दूतावास के एक बयान के अनुसार, इन परियोजनाओं में नेपाल के विभिन्न प्रांतों में कोल्ड स्टोर, विद्यालय भवनों और एक प्रसूति केंद्र का निर्माण शामिल है।

### 'नागरिक प्रथम' मंत्र को अपनाने की आवश्यकता: प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसेवकों से कहा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भव:' है और सार्वजनिक सेवा को नागरिकों की जरूरतों के प्रति अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। मोदी ने 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा, 'शासन को अब सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर एक नयी पहचान दी जा रही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्यवस्था ही मानदंड होनी चाहिए और उन्होंने लोक सेवकों से प्रतिदिन कुछ नया सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमारी शासन व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में दिन-प्रतिदिन सुधार हो। यही हमारा सच्चा मानदंड है। प्रशासनिक संस्कृति में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में 'अधिकारी' होने पर अत्यधिक जोर दिया जाता था, जबकि आज देश का ध्यान पूरी तरह कर्तव्य भावना पर केंद्रित है। उन्होंने लोकसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, 'हर निर्णय से पहले यदि आप यह सोचें कि आपका कर्तव्य क्या मांगता है, तो आपके निर्णयों का प्रभाव खुद कई गुना बढ़ जाएगा।''

## जिंदगी निगलती भीड़

पिछले दिनों वाराणसी में मोबाइल चोरी के संदेह में एक किशोर की पीट-पीट कर हत्या करने की हृदयविदारक घटना सामने आई। घटना कानून व्यवस्था पर तो सवाल है ही, साथ ही भीड़ की बर्बरता की कहानी भी कहती है। क्या एक बच्चे की जिंदगी मोबाइल से सस्ती है? सवाल समाज की बढ़ती आक्रामकता पर भी है। एक ओर हम समाज में कानून का शासन चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर कानून हाथ में लेकर किसी की भी जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। निस्संदेह, यदि किसी व्यक्ति की अपराध में शामिल होने की आशंका भी है तो उसे पुलिस को सौंपा जाना चाहिए। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अराजक तरीके से मार-पीटकर किसी की हत्या कर देने का अधिकार भीड़ को कैसे मिल सकता है? सवाल ऐसी घटनाओं पर शेष समाज की उदासीनता का भी है। जब उस किशोर को पीटा जा रहा था तो आसपास से गुजरने वाले लोग क्यों उसे बचाने नहीं आए? हाल के दिनों में महज शक के आधार पर लोगों को मौत के घाट उतारने व घायल करने की घटनाएं आम हो गई हैं। यह हमारे समाज के लिये भी चिंता का विषय है क्योंकि निहित स्वार्थी तत्व अकसर निर्दोष लोगों को जाति व संप्रदाय के नाम पर अपने बहुलता वाले इलाके में शिकार बना लेते हैं। प्रश्न यह भी है कि इस तरह की बढ़ती घटनाओं के बीच सरकारों की तरफ से जमीनी स्तर पर कारगर कदम उठाने की पहल क्यों नहीं होती? जाहिर बात है कि व्यक्ति विशेष को शक के आधार पर निशाना बनाने वाले लोगों में कानून का डर न के बराबर ही होता है। साथ ही आसपास के लोगों का महज तमाशबीन बना रहना भी भीड़ के अराजक व्यवहार को बढ़ावा देता है। वाराणसी की घटना में जिस तरह किशोर को घर से बुलाकर सड़क पर पीटा गया और लोग खामोश रहे, परेशान करने वाला घटनाक्रम ही है।

निश्चित रूप से भीड़ द्वारा संदेह के आधार पर किसी की हत्या करना, किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक जैसा है। ऐसे मामलों में पुलिस को भी अपना सूचना तंत्र मजबूत करने और संवेदनशील ढंग से कार्रवाई करने की जरूरत है। खासकर उस क्षेत्र के थाने की पुलिस व अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की आवश्यकता है। हमारे समाज में संदेह के आधार पर किसी की जान लेने की प्रवृत्ति जिस तेजी से बढ़ रही है, वह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। आये दिन हम सड़कों पर रोड रेज की घटनाएं सुनते और देखते हैं। सड़क में आगे निकलने की होड़ में गोली चलाने और हिंसक प्रतिरोध की घटनाएं अकसर सामने आती हैं। पिछले दिनों देहरादून में आगे निकलने की होड़ में दो कारों में सवार लोगों की गोलीबारी में सड़क पर सैर कर रहे सेना के एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर की हत्या की घटना उत्तराखंड में व्यापक जनाक्रोश का विषय बनी। ऐसी घटनाएं इस बात की ओर इशारा कर रही हैं कि नई पीढ़ी के लोग अपना धैर्य, विवेक तथा संवेदनशीलता खोते जा रहे हैं। ये हमारे मानवीय मूल्यों व संवेदना का भी क्षरण है। दरअसल, हमारे समाज में संयुक्त परिवारों का बिखराव होने से बच्चों की संवेदनशील ढंग से परवरिश का न हो पाना भी युवाओं में बढ़ती आक्रामकता की वजह बन रहा है। पहले स्कूलों में शिक्षकों का दबदबा होता था और छात्र जीवन में अनुशासन का पाठ सीखते थे। मां-बाप के लाड़-प्यार और बच्चों को स्वच्छंद व्यवहार की आजादी ने उन्हें उच्छृंखल बनाया है। एकल परिवारों में पलने वाले अकेले बच्चों में दूसरों को आसानी से सहन न करने की प्रवृत्ति भी तेजी से बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर समाज में लगातार जटिल होता जीवन भी उग्रता को बढ़ावा दे रहा है। नशा भी नाश का कारक बन रहा है। सूचना माध्यमों में बाजार द्वारा दर्शाए जा रहे विलासिता व भव्यता के सपने देखकर जब नई पीढ़ी कठोर यथार्थ से जूझती है तो हताशा के चलते उसमें आक्रोश के स्वर मुखर होते हैं। सिमटते रोजगार व मनमाफिक अवसर न मिलने की कुंठा भी उन्हें आक्रामक बना रही है। आज इन सभी कारकों को तुरंत संबोधित करने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 अप्रैल, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 08:44 तक, नक्षत्र : चित्रा, 19:22 तक, योग : व्याघात, 14:06 तक, सूर्योदय: 05:27, सूर्यास्त: 17:52, चन्द्रोदय : 19:04, चन्द्रास्त: 05:52, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 10:07 से 11:40

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान और प्रसिद्धि को बढ़ाने वाला साबित हो सकता है, जैसे आपकी मेहनत का फल अब लोगों के सामने चमकने वाला हो।

**वृष :** आज का दिन आपको जिम्मेदारियों के साथ-साथ खुशियों का एहसास भी कराएगा। आप परिवार के साथ ऐसे पल बिताएंगे, जो दिल को सुकून देंगे और चेहरे पर मुस्कान लाएंगे।

**मिथुन :** आज आपके जीवन में बड़ों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको सही दिशा दिखाएगा। कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले ठहरकर सोचें, क्योंकि जल्दबाजी में लिया गया निर्णय पछतावा दे सकता है।

**कर्क :** आज आपको अपने जीवन में संतुलन बनाने की सबसे ज्यादा जरूरत है, खासकर आय और खर्च के बीच। लंबे समय से अधूरे पड़े काम आज पूरे होने लगेंगे और इससे मन को सुकून मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपको सतर्क रहने का संदेश दे रहा है, खासकर उन लोगों से जो आपके आसपास हैं लेकिन आपके हितैषी नहीं हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपको सिखा रहा है कि जल्दबाजी में उठाया गया कदम हमेशा सही नहीं होता। काम का दबाव थोड़ा ज्यादा रहेगा, लेकिन यही मेहनत आगे चलकर सफलता का रास्ता खोलेगी।

**तुला :** आज का दिन आपको शांति और समझदारी से काम लेने का संकेत दे रहा है। किसी भी विवाद से दूरी बनाकर रखना ही आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन कारोबार के लिए बेहद अनुकूल नजर आ रहा है। पुराने निवेश आज आपको अच्छा लाभ दे सकते हैं और आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे।

**धनु :** आज का दिन आपको हर कदम पर सतर्क रहने का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपके मन में कई विचार और उलझनें चलती रहेंगी, जिससे निर्णय लेना थोड़ा कठिन हो सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां लेकर आया है। दिन के बीच में आप अपने पसंदीदा भोजन का आनंद लेकर खुद को खुश महसूस करेंगे।

**कुम्भ :** आज आपको अपनी सेहत को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी होगी, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी परेशानी बढ़ा सकती है। रुका हुआ धन वापस मिलने से मन में राहत और खुशी दोनों आएगी।

**मीन :** आज का दिन आपको पैसों के मामले में सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। बड़े निवेश से दूरी बनाना ही समझदारी होगी, क्योंकि जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान दे सकता है।

# जनजातीय खेल प्रतिभा: हमारा राष्ट्रीय गौरव



**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
भारत की राष्ट्रपति

मैंने देखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों और वनांचलों में, बच्चे घर के बाहर प्रकृति के सानिध्य में अधिक समय बिताते हैं। वे खेल-कूद के सहज तरीके खोज लेते हैं। वे मिट्टी में लकीरें खींचकर और आकृतियां बनाकर, खेलने की जगह तैयार कर लेते हैं। वे फलों के सूखे बीजों का खेल की गोटियों की तरह इस्तेमाल कर लेते हैं। सूखे पत्तों, पेड़ों की जड़ों और फटे-पुराने कपड़ों से गेंद बना लेते हैं। बांस का उपयोग करके हॉकी और फुटबाल के गोल-पोस्ट बना लेते हैं। इस प्रकार, अनेक प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करके, वे अपने खेल-संसार की रचना कर लेते हैं। बहुत से बच्चे बिना जूते और जर्सी के पूरे जोश से खेलते रहते हैं। पोखरों-तालाबों में बच्चे खूब तैरते रहते हैं। तैराकी की इस सहज प्रतिभा को अब उपलब्ध प्रशिक्षण और संसाधनों की सहायता से विकसित करके, केवल 15 वर्ष की, जाजपुर की बेटी अंजलि मुंडा ने प्रथम 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' में पहले ही दिन तीन स्वर्ण-पदक जीत कर पूरे देश के युवाओं को प्रेरित किया।

तीरंदाजी के प्रति जनजातीय लोगों में सहज तरंग सी होती है। संताल-समुदाय ने वर्ष 1855 में शोषण के विरुद्ध एक घनघोर संग्राम किया था जो 'संताल हूल' के नाम से अमर है। आधुनिक हथियारों से लैस ब्रिटिश सेनाओं ने उस क्रान्ति को दबा तो दिया लेकिन अपने विवरणों में अंग्रेजों ने संताल वीरों के युद्ध कौशल, खासकर तीरंदाजी का विशेष उल्लेख किया है। संताल-हूल का नेतृत्व करने वाले बहादुर भाइयों सिद्धो-कान्हू तथा चांद-भैरव एवं वीरांगना बहनों, फूलो-झानो की प्रतिमाओं का झारखंड में उनके गांव उरी-मारी में जाकर अनावरण करने का सौभाग्य मुझे तब मिला था जब मैं राज्यपाल थी। तीरंदाजी में एकलव्य की महानता से देश का बच्चा-बच्चा परिचित है। वे श्रेष्ठतम धनुर्धर के रूप में सम्मानित हैं। एकलव्य, सभी देशवासियों के लिए, विशेषकर जनजातीय समाज के लिए एक प्रेरक विभूति हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में स्थापित 'खेल उत्कृष्टता केंद्र' बच्चों को खेल-कूद की आधुनिक सुविधाओं और पद्धतियों से सक्षम बना रहे हैं। इसी प्रकार स्कूल-व्यवस्था के साथ-साथ अन्यत्र विद्यमान खेल-प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

मेरे व्यक्तिगत प्रयासों से, मेरे गांव में वंचित वर्गों के बच्चों के लिए एक आवासीय स्कूल की स्थापना की गई है। इस विनम्र प्रयास के तहत स्कूल के परिसर में ही तीरंदाजी के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी कराई गई है। सरकार के प्रयासों के साथ-साथ छोटे-छोटे व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास भी जनजातीय बच्चों में निहित खेल-प्रतिभाओं को निखारने में सहायक होंगे।

मेरे गांव के अन्य जनजातीय बच्चों की तरह, मुझमें भी तैराकी सहित, व्यायाम और खेलों के प्रति बहुत रुझान था। मैं स्कूल की खेल प्रतियोगिताओं में प्रायः प्रथम स्थान पर रहती थी। एक प्रतियोगिता में जानबूझकर मैंने अपने को इसलिए पीछे रखा ताकि मेरी एक सहेली को प्रथम पुरस्कार का आनंद मिल सके। खेल-कूद से टीम भावना विकसित होती है तथा सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं। मैदान पर कड़ी प्रतिस्पर्धा और मैदान के बाहर गहरी मित्रता, खिलाड़ियों में प्रायः देखने को मिलती है।

मेरे भाई फुटबाल के बहुत अच्छे खिलाड़ी रहे हैं जो गंभीर चोट लगने के कारण आगे नहीं खेल सके। मेरे परिवार के कुछ अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। इस निजी विवरण से मैं यह बताना चाहती हूं कि जनजातीय परिवारों में खेल-कूद की जीवन्त परंपरा विद्यमान है। उनमें खेलों के लिए असीम प्रतिभा है, ऊर्जा है, रुचि है और आगे बढ़ने का हौसला भी है। सुविधाओं और प्रशिक्षण के द्वारा ऐसी प्रतिभाओं को निखारने से, खेल-कूद उनके लिए केवल मनोरंजन और सामाजिक मेल-जोल का जरिया न होकर जीवन में आगे बढ़ने का, आर्थिक आत्म-निर्भरता और सामाजिक सम्मान प्राप्त करने का माध्यम बन सकता है। इस संदर्भ में वर्ष 2018 से केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों तथा खेल- संस्थानों के साथ मिलकर चलाए जा रहे 'खेलो इंडिया' अभियान द्वारा अच्छा बदलाव आया है।

कुछ वर्षों पहले तक हमारे देश में खेल-कूद की अच्छी सुविधाएं केवल महानगरों तक सीमित थीं जबकि ग्रामांचलों और वनांचलों में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी रहते हैं। जनजातीय क्षेत्रों में खेल-अकादमी और प्रशिक्षण सुविधाएं सुलभ नहीं होती थीं। अब एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में बच्चों के खेल-कूद पर विशेष ध्यान देने से लेकर 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल' जैसे प्रयत्नों के बल पर जनजातीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिल रहा है।

मुझे याद है कि मेरे विद्यार्थी जीवन के दौरान ग्रामीण स्तर पर, पांच-छह गांवों के लोग मिलकर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किया करते थे। कुछ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं भी जनजातीय क्षेत्रों में खेल-कूद को बढ़ावा देती रही हैं। प्रायः ग्रामीण क्षेत्र की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अच्छे खिलाड़ी भी ग्रामीण स्तर से ऊपर नहीं उठ पाते थे। पिछले कुछ वर्षों में, इस स्थिति को बदलने के अनेक सराहनीय प्रयास किए गए हैं। ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' का आयोजन किया गया। इस आयोजन से जमीनी स्तर के जनजातीय खिलाड़ियों को भी पहचान मिली है तथा उन्हें सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराए गए हैं। इन राष्ट्रीय खेलों में लगभग सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

भारत ने खिलाड़ियों की नैसर्गिक प्रतिभा के बल पर ओलिम्पिक खेलों में पहला स्वर्ण-पदक, हॉकी के लिए, वर्ष 1928 में जीता था। उस विजय में जनजातीय समुदाय के खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। तब से लेकर आज तक दिलीप तिर्की, सुबोध लाक्रा और सलीमा टेटे जैसे स्टार-हॉकी खिलाड़ी भारत की पुरुष तथा महिला टीमों को जनजातीय प्रतिभा से समृद्ध करते रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'खेलो इंडिया' नामक राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम के तहत स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सभी भौगोलिक क्षेत्रों, सामाजिक वर्गों और संस्थाओं के लिए समुचित खेल इको-सिस्टम उपलब्ध कराने का समावेशी प्रयास किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत, खेल-कूद में बेटियों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही 'अस्मिता' नामक योजना से जनजातीय बेटियों की क्षमता भी विकसित हो रही है। 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' द्वारा शुरू की गई मुहिम को मजबूत बनाते हुए जनजातीय खेल-प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से, खिलाड़ियों के ऐसे समूह तैयार होंगे जो विश्व-पटल पर भारत को खेल-महाशक्ति के रूप में स्थापित करेंगे।

पिछले कुछ महीनों में आयोजित बस्तर एवं सरगुजा ओलिम्पिक में कुल 7 लाख से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन खिलाड़ियों में कुछ ऐसे युवा भी शामिल थे जो नक्सलवाद के रास्ते को छोड़कर खेल-कूद के सन्मार्ग पर चल पड़े हैं। खेल-कूद से युवा-ऊर्जा को सकारात्मक अभिव्यक्ति मिलती है। सरकार द्वारा युवाओं में खेल-प्रतिभा को पहचानने और विकसित करने के अच्छे परिणाम राष्ट्रीय और अंतर-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दिखाई देने लगे हैं।

युवाओं, विशेषकर जनजातीय युवाओं की खेल प्रतिभा हमारे राष्ट्र की अमूल्य सामाजिक पूंजी है। मुझे विश्वास है कि इस अनमोल संसाधन का सदुपयोग करते हुए हमारा देश खेल-कूद के क्षेत्र में उत्कृष्टता के अनेक गौरवशाली प्रतिमान स्थापित करेगा। इसी विश्वास के साथ मेरा संदेश है – खेलो इंडिया! खूब खेलो इंडिया!

# विवाह संस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच नई खाई



**ललित गर्ग**

आधुनिकता के संक्रमणकालीन दौर में सबसे अधिक यदि कोई संस्था प्रश्नों के घेरे में है, तो वह विवाह और रिश्तों की पारंपरिक अवधारणा है। बदलती जीवनशैली, आर्थिक आत्मनिर्भरता, तकनीक, वैश्वीकरण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती चेतना ने रिश्तों की परिभाषा, अपेक्षाएँ और संरचना-सब कुछ बदल दिया है। यही कारण है कि आज रिश्तों से जुड़े प्रश्न केवल सामाजिक विमर्श का विषय नहीं रहे, बल्कि अदालतों तक पहुँच रहे हैं। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो फैसलों ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवाह संस्था के बीच उत्पन्न हो रही नाजुक खाई को उजागर किया है। एक निर्णय में न्यायालय ने कहा कि वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बना लिव-इन रिलेशनशिप, भले ही एक साथी विवाहित हो, अपराध नहीं है; वहीं दूसरे मामले में न्यायालय ने ऐसे ही एक जोड़े को संरक्षण देने से इनकार कर दिया और कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर पति या पत्नी के कानूनी अधिकारों को कमजोर नहीं किया जा सकता। यह विरोधाभास वास्तव में न्यायिक असंगति से अधिक एक कानूनी रिक्तता और सामाजिक संक्रमण का संकेत है। वास्तव में एक हकीकत यह भी है कि भारतीय समाज में वैवाहिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने वाले एक प्रभावी ढांचे की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जाती रही है। हमें मौजूदा परिदृश्य में यह बात स्वीकार करनी होगी कि यद्यपि विवाह संस्था संरक्षण की हकदार है, फिर भी पुरुष या स्त्री की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अनिश्चित काल तक इसके अधीन बंधक बनाकर नहीं रखा जा सकता है।

निश्चित ही भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है और इसी के दायरे में न्यायालयों ने समय-समय पर लिव-इन रिलेशनशिप को अपराध की श्रेणी से बाहर माना है। लेकिन दूसरी ओर, भारतीय कानून विवाह को एक कानूनी और सामाजिक संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, जिसमें अधिकार और दायित्व दोनों शामिल हैं। यही वह बिंदु है जहाँ व्यक्तिगत स्वतंत्रता और वैवाहिक अधिकारों के बीच टकराव उत्पन्न होता है। न्यायालय लिव-इन संबंधों को अपराध नहीं मानता, परंतु उनके सभी परिणामों को वैध मानने में संकोच करता है। यह स्थिति न केवल कानूनी भ्रम उत्पन्न करती है, बल्कि सामाजिक असुरक्षा भी पैदा करती है। वास्तव में समस्या न्यायिक निर्णयों की नहीं, बल्कि स्पष्ट विधायी ढाँचे की कमी की है। यदि व्यापक सामाजिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय समाज इस समय एक बड़े संक्रमणकाल से गुजर रहा है। एक ओर सदियों से स्थापित पारंपरिक जीवन मूल्य हैं, जिनमें विवाह केवल एक अनुबंध नहीं बल्कि एक संस्कार, सामाजिक स्वीकृति और पारिवारिक व्यवस्था का आधार है; दूसरी ओर आधुनिक जीवन की वास्तविकता है, जहाँ व्यक्ति की स्वतंत्रता, आत्म-विकास, करियर, आर्थिक स्वायत्तता और व्यक्तिगत संतुष्टि को भी समान महत्व दिया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों की शक्ति-संतुलन व्यवस्था को बदल दिया है। अब रिश्ते केवल सामाजिक दबाव से नहीं, बल्कि आपसी समझ और संतुष्टि के आधार पर टिके रहते हैं। परिणामस्वरूप, रिश्तों की स्थायित्व की अवधारणा बदल रही है और प्रतिबद्धता अब आजीवन वचन से अधिक एक निरंतर पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया बनती जा रही है।

पिछली पीढ़ियों में विवाह जीवन का अनिवार्य चरण माना जाता था। हमारे माता-पिता और दादा-दादी के लिए विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध था और जीवन भर साथ निभाना ही उसका लक्ष्य था। लेकिन आधुनिक पीढ़ी



रिश्तों को अलग दृष्टि से देख रही है। आज के युवा पहले शिक्षा, करियर और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद रिश्तों के बारे में निर्णय लेते हैं। कुछ लोग विवाह से पहले साथ रहने का विकल्प चुनते हैं, कुछ रिश्तों को नाम देने से भी बचते हैं और कुछ लोग विवाह के बजाय साझेदारी को अधिक उपयुक्त मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को महत्व नहीं देती, बल्कि इसका अर्थ यह है कि वे रिश्तों में स्वतंत्रता, सम्मान, संवाद और समानता को अधिक महत्व देते हैं। रिश्तों में सबसे बड़ा परिवर्तन लिंग भूमिकाओं के बदलाव से भी आया है। पहले पुरुष कमाने वाला और महिला घर संभालने वाली मानी जाती थी, लेकिन आज दोनों काम करते हैं, दोनों निर्णय लेते हैं और दोनों भावनात्मक सहयोग चाहते हैं। आधुनिक रिश्तों में समानता, खुलकर संवाद और साझा जिम्मेदारियों पर जोर है। हालांकि पुरुष और महिलाओं की अपेक्षाएँ पूरी तरह समान नहीं होतीं-अक्सर महिलाएँ भावनात्मक सहयोग और संवाद को अधिक महत्व देती हैं, जबकि पुरुष स्वतंत्रता और बौद्धिक जुड़ाव को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इन अंतरों को समझकर ही मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं।

आज आत्म-प्रेम और आत्म-देखभाल को स्वार्थ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार माना जाने लगा है। तकनीक और सोशल मीडिया ने भी रिश्तों की प्रकृति को गहराई से प्रभावित किया है। सोशल मीडिया ने लोगों को जोड़ने का काम किया है, लेकिन इसके साथ तुलना की संस्कृति भी बढ़ी है। अब लोग अपने रिश्तों की तुलना दूसरों की ऑनलाइन तस्वीरों और पोस्ट से करने लगे हैं, जिससे असंतोष और अवास्तविक अपेक्षाएँ बढ़ती हैं। कई बार डिजिटल दुनिया में मिलने वाला ध्यान वास्तविक रिश्तों की आत्मीयता को कम कर देता है। ऑनलाइन फ्लर्टिंग, डिजिटल बेवफाई और लगातार उपलब्ध रहने की अपेक्षा जैसी नई समस्याएँ भी सामने आई हैं। इसलिए आज डिजिटल सीमाएँ भी उतनी ही आवश्यक हो गई हैं जितनी व्यक्तिगत सीमाएँ।

ऑनलाइन डेटिंग ने रिश्तों की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। जीवनसाथी ढूँढना पहले परिवार, समाज या परिचितों के माध्यम से होता था, लेकिन अब मोबाइल एप और वेबसाइटों के माध्यम से लोग साथी ढूँढते हैं। इससे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन साथ ही रिश्तों की स्थिरता कम हुई है। स्वाइप संस्कृति ने रिश्तों को कई बार उपभोक्ता वस्तु की तरह बना दिया है, जहाँ विकल्प हमेशा खुले रहते हैं और प्रतिबद्धता कठिन हो जाती है। इसके बावजूद, यह भी सत्य है कि कई सफल विवाह और रिश्ते भी ऑनलाइन माध्यम से ही बने हैं। इसलिए समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग की मानसिकता में है। आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में रिश्तों को समय देना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है। करियर, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएँ-इन सबके बीच रिश्ते अक्सर प्राथमिकता सूची में नीचे चले जाते हैं। लेकिन यह भी एक सत्य है कि अंततः मनुष्य को भावनात्मक सहारा, अपनापन और संबंधों की ही आवश्यकता होती है। इसलिए आधुनिक जीवन में रिश्तों को बनाए रखने के लिए संवाद, समय, सम्मान और समझ पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गए हैं।

विभिन्न पीढ़ियों के बीच रिश्तों को लेकर दृष्टिकोण में भी बड़ा अंतर दिखाई देता है। पुरानी पीढ़ी स्थायित्व और त्याग को महत्व देती है, जबकि नई पीढ़ी संतुष्टि और स्वतंत्रता को। पुरानी पीढ़ी रिश्ते बचाने के लिए समझौता करती थी, नई पीढ़ी रिश्ते में सम्मान और खुशी नहीं मिलने पर उसे छोड़ने का साहस रखती है। दोनों दृष्टिकोणों में अपनी-अपनी सच्चाई है। इसलिए आवश्यकता पीढ़ियों के संघर्ष की नहीं, बल्कि संवाद और समझ की है। वास्तव में विवाह बनाम स्वतंत्रता का प्रश्न किसी एक पक्ष की जीत या हार का प्रश्न नहीं है। यह समाज के विकास और परिवर्तन का स्वाभाविक चरण है। विवाह संस्था समाज के लिए आवश्यक है, क्योंकि वह स्थिरता, परिवार और सामाजिक व्यवस्था का आधार है। लेकिन व्यक्तिगत स्वतंत्रता भी उतनी ही आवश्यक है, क्योंकि बिना स्वतंत्रता के कोई भी रिश्ता केवल बंधन बन जाता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि कानून, समाज और परिवार-तीनों मिलकर ऐसा संतुलन बनाएं, जिसमें विवाह संस्था भी सुरक्षित रहे और व्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे। निश्चिततौर पर यह स्वीकार करना होगा कि जब रिश्ते टूट जाते हैं, तो व्यक्तियों को गरिमा के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देना समाज के लिए खतरा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक व्यवस्था का एक आवश्यक अनुकूलन है। दुनिया तेजी से बदल रही है, संस्कृतियाँ एक-दूसरे से जुड़ रही हैं और सोच भी बदल रही है। ऐसे समय में हमें परंपरा और आधुनिकता के बीच संघर्ष नहीं, बल्कि समन्वय का मार्ग खोजना होगा। रिश्तों का भविष्य न पूरी तरह परंपरागत होगा, न पूरी तरह आधुनिक, बल्कि दोनों के संतुलन से ही एक नई सामाजिक व्यवस्था का निर्माण होगा, जहाँ विवाह भी सम्मानित होगा और स्वतंत्रता भी सुरक्षित होगी।

## वर्ग पहेली नं. 3398

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| ■ | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | | ■ | ■ |
| 21 | | 22 | | | ■ | ■ | 23 | 24 | |
| | ■ | | ■ | 25 | | 26 | ■ | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) सिर्फ़, 2) मान्य, 3) स्वच्छ, 4) गायब, 5) पाजेब, 7) सुख्याति, 9) पेशगी, 12) मग्न, 15) प्रशंसा करना, 17) कसाई, 18) दोबारा, 20) किराना सामान, 21) उड़ती ख़बर, 22) बोलना, 24) नियमपालक, 26) खाली.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) अनुमान 4) मद्यपान, 6) नफ़ा, 8) कगार तक भरा, 10) तीर, 11) दुर्व्यसन, 13) दोस्ती, 14) एक संख्या, 16) स्वीकार करना, 19) देशस्तरीय, 20) चिंता, 21) चमकीला, 23) अपवित्र; अशुद्ध, 25) ओढ़नी, 27) अधमता; नीचता, 28) आजीवन.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल्ला | द | ■ | ■ | कि | सा | न | ■ | ज़ |
| न | ■ | म | न | मा | ना | ■ | फ़ | ■ | ब |
| म | क | ड़ी | ■ | ज | रा | ■ | र | फ़्ता | र |
| त | ट | ■ | को | रा | ■ | जी | त | ■ | द |
| ■ | क | ठो | र | ■ | कुं | भ | ■ | ह | स्त |
| बे | ■ | ■ | क | मी | ज | ■ | वा | सी | ■ |
| आ | स | पा | स | ■ | र | वि | त | न | य |
| ब | ■ | ग | र | दा | ■ | रा | ■ | ■ | तन |
| रू | मा | ल | ■ | ह | रा | म | ख़ो | री | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3356

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 5 | | | | | 9 | | 2 |
| | | 9 | 3 | 7 | | | | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| | | | | | 4 | | | 8 |
| | | 1 | 6 | | 9 | 5 | | |
| | | | 4 | | 3 | | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3355 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 3 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 5 | 9 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 4 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 2 | 3 |

# अगर कांग्रेस मजबूत होती तो 2024 में भाजपा सत्ता में नहीं आती : ममता

**मालदह :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी मजबूत होती तो भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता में नहीं आती। उन्होंने कांग्रेस के पारंपरिक गढ़ मालदह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि बंगाल भविष्य में दिल्ली में भाजपा को चुनौती देने का मार्ग प्रशस्त करेगा। ममता ने दावा किया कि भाजपा राज्य को नीचा दिखाने की कोशिश में सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अगर वे (कांग्रेस) मजबूत होतीं, तो भाजपा पिछले आम चुनाव में सत्ता में नहीं आती। ममता ने कांग्रेस पर पूरे साल चुप्पी साधने के बाद चुनाव में



उम्मीदवार उतारने का भी आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि कांग्रेस ने माकपा के साथ मिलकर उन्हें असहनीय पीड़ा पहुंचाई। उन्होंने कहा, अब माकपा, कांग्रेस और भाजपा सब एक साथ मिले हुए हैं।

### ममता ने भाजपा को पहले बंगाल और फिर दिल्ली की सत्ता से बाहर करने की कसम खाई

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को पहले राज्य से और फिर दिल्ली की सत्ता से बाहर निकाल फेंकने का संकल्प लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनी हुई सरकार होने के बावजूद निर्वाचन आयोग प्रशासन चला रहा है। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि यह मेरा वादा है। मैं भाजपा को पहले बंगाल से और फिर दिल्ली की सत्ता से बाहर निकाल फेंकूंगी। ममता ने बार–बार आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह देश को बर्बादी के रास्ते पर ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने हर किसी के बैंक खाते में 15 लाख रुपये और हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था लेकिन इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके दो सहयोगियों कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को कभी माफ मत करना। ममता ने तीनों पार्टियों पर एक–दूसरे के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया।

# घुसपैठ के कारण बंगाल का अस्तित्व खतरे में : शाह

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठ इतनी बढ़ गई है कि राज्य का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि उसने राज्य को अराजकता की स्थिति में पहुंचा दिया है, जहां गोलीबारी और बमबाजी की घटनाएं लगभग रोजाना होती हैं। शाह ने कहा, 'बंगाल में हर जगह तूफान चल रहा है। यह तूफान परिवर्तन लाने और ममता बनर्जी को अलविदा कहने के लिए है।' उन्होंने कहा, 'हर तरफ भ्रष्टाचार है। हर तरफ



सिंडिकेट राज है। अब समय आ गया है कि कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और अन्य लोगों के सपनों के 'सोनार बांग्ला' की स्थापना की जाए।' उन्होंने लोगों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। शाह ने भवानीपुर से भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी के नामांकन पत्र दाखिल करते समय उनके साथ मौजूद रहने से पहले इस रैली को संबोधित किया।

# भाजपा अन्य दलों के 'खारिज' नेताओं को बंगाल चुनाव में उतार रही है : अभिषेक बनर्जी

**बांकुड़ा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पार्टी विधानसभा चुनावों के लिए अन्य दलों के 'खारिज तत्वों' को मैदान में उतार रही है। बांकुड़ा जिले के तलडांगरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि भाजपा को अपने साथ रखना नासूर के साथ जीने जैसा है, इसे हटाना कैंसर का इलाज करने जैसा है। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा को मौका न देने का आग्रह किया। अभिषेक ने दावा किया कि टीएमसी द्वारा दरकिनार किए गए व्यक्तियों को भाजपा द्वारा महत्वपूर्ण पदों पर पदोन्नत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सड़े–गले, खारिज किए गए



तत्वों को बाहर निकाल देते हैं, लेकिन भाजपा उन्हें चुन लेती है और उन्हें महत्वपूर्ण पद देती है। उन्होंने यह बात 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दलबदलुओं के संदर्भ में कही। केंद्र सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए अभिषेक ने भाजपा पर पिछले पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल को उसके हक से वंचित करने का आरोप लगाया। विकास संबंधी वादों का जिक्र करते हुए अभिषेक ने कहा कि शिलाबती नदी पर एक पुल और तलडांगरा में एक सुपर–स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण किया जाएगा।

# न्यायिक अधिकारियों के घेराव की योजना तृणमूल कांग्रेस ने बनाई : शुभेंदु अधिकारी

❑ **कालीघाट डिवीजन के प्रभारी अधिकारी और उपायुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद के दौरान मालदह के सुजापुर में न्यायिक अधिकारियों का घेराव और हिंसा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस द्वारा सुनियोजित तरीके से की गयी। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि मालदह में एसआईआर कवायद में लगे न्यायिक अधिकारियों का घेराव 'ममता बनर्जी के नेतृत्व में कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष स्तर' द्वारा सुनियोजित था, जिसमें स्थानीय नेता सबीना यास्मीन ने जमीनी स्तर पर योजना को अंजाम दिया था। भाजपा



नेता ने विशेष रूप से यास्मीन को जिला स्तर पर कथित योजना के 'क्रियान्वयन की मुख्य सूत्रधार' करार दिया। शुभेंदु अधिकारी ने शाह की उपस्थिति में आयोजित अपने नामांकन जुलूस के दौरान उचित सम्मान नहीं दिखाने के लिए कोलकाता पुलिस के कालीघाट डिवीजन के प्रभारी अधिकारी और उपायुक्त के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, अधिकारियों का व्यवहार 'प्रशासनिक पक्षपात' दर्शाता है और उन्होंने निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने मांग की कि कालीचक पुलिस थाना मालदह घटना से संबंधित सभी मामले के दस्तावेज आधी रात तक राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दे, क्योंकि सबूतों से छेड़छाड़ का खतरा है। आरजी कर अस्पताल मामले से तुलना करते हुए, शुभेंदु ने आरोप लगाया कि उस मामले में पांच दिनों के भीतर सबूत नष्ट कर दिए गए थे और न्यायिक अधिकारियों के घेराव में भी ऐसी ही आशंका की चेतावनी दी। शुभेंदु ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए 'मध्ययुगीन बर्बरता' और सामाजिक बहिष्कार का सहारा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने नंदीग्राम की एक कथित घटना का हवाला दिया, जहां भाजपा समर्थक को मस्जिद में प्रवेश करने से रोकने और सरकारी वित्त पोषित पानी के नल का उपयोग करने से वंचित करने का फतवा जारी किया गया था।

### 'स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने का यह अवसर न चूकें', तृणमूल ने शाह पर किया कटाक्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिम बंगाल में 15 दिन बिताने की घोषणा पर कटाक्ष करते हुए उन्हें सलाह दी कि वह इस अवसर का उपयोग राज्य के विशिष्ट मांसाहारी व्यंजनों का आनंद लेने के लिए करें। शाह द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान दो सप्ताह तक राज्य में रहने की घोषणा के तुरंत बाद, सत्तारूढ़ पार्टी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बंगाल 'पर्यटकों का खुले दिल से स्वागत करता है', जबकि उनकी यात्रा राजनीतिक पर्यटन से अधिक कुछ नहीं है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि अमित शाह ने बंगाल में 15 दिन बिताने का फैसला किया है। बहुत बढ़िया! बंगाल पर्यटकों का खुले दिल से स्वागत करता है। आप जितने दिन चाहें, रुक सकते हैं। हमारे कुछ बेहतरीन व्यंजनों का स्वाद लेना न भूलें। आपका प्रवास सुखद हो।

# खड़गपुर में प्रचार के लिए निकले दिलीप घोष को को झेलना पड़ा जनाक्रोश

**पश्चिम मेदिनीपुर**

जिले के खड़गपुर शहर के पुरी–गेट इलाके में गुरुवार को भाजपा नेता दिलीप घोष को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या 27 के पुरीगेट क्षेत्र में रेलवे द्वारा अवैध कब्जा हटाने का नोटिस जारी होने के बाद इलाके में पहले ही तनाव बना हुआ था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नोटिस आने के बावजूद दिलीप घोष या अन्य भाजपा नेता प्रभावित परिवारों की मदद के लिए नहीं आए।

इस दिन, सुबह में जब दिलीप घोष प्रचार कार्यक्रम के लिए इलाके में पहुंचे, तो नाराज लोगों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कठिन समय में जनप्रतिनिधि होने के बावजूद उन्होंने लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने सिर्फ़ दिलीप घोष ही नहीं, उनके साथ मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी नाराज़गी जताई। 'जय बंगला' और 'जय श्रीराम' के नारे माहौल को और तनावपूर्ण बना गए। स्थानीयों का आरोप है कि रेलवे नोटिस के समय भाजपा नेता मौजूद नहीं थे, इसलिए उनकी अचानक उपस्थिति ने गुस्सा बढ़ा दिया। घटना के दौरान कुछ समय के लिए पुरीगेट क्षेत्र में सड़क अवरुद्ध और माहौल तनावपूर्ण रहा। प्रशासन को स्थिति को काबू में करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# मुर्शिदाबाद में ममता की पार्टी के जीतने की कोई संभावना नहीं है : अधीर चौधरी

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरामपुर सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी मुर्शिदाबाद में चुनाव नहीं जीतेगी। मुर्शिदाबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली बार मुझे हराने के लिए रामनवमी के दिन दंगा भड़काए थे। टीएमसी के विधायक ने तब मेरे लिए क्या कहा था, सभी को मालूम है। एक ही बात का मैं कितनी बार जिक्र करूं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी मुर्शिदाबाद जिले में जितने ज्यादा वक्त रहेंगी, उतना ज्यादा ही यहां दंगा होने की संभावना बढ़ेगी। इसलिए बेहतर होगा कि ममता



बनर्जी यहां से चली जाएं, क्योंकि मुर्शिदाबाद में उनके पार्टी के दोबारा जीतने की कोई संभावना नहीं है। जितनी जल्दी वह चली जाएं, यहां के आम लोगों को आराम मिलेगा, क्योंकि उनके रहने का मतलब यहां के आम लोगों का चैन और सुकून हराम होने वाला है। राज्य में एसआईआर को लेकर चल रहे बवाल पर कांग्रेस प्रत्याशी अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आम लोगों के लिए बहुत परेशानी हो रही है, बहुत मुश्किल हो रहा है। बंगाल की सड़कों पर जो आंदोलन हो रहा है। इससे लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। हमारे यहां का प्रशासन, सूबे की सरकार, इससे कैसे निपटेगी, कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि जो भी हालात पैदा हुए हैं, यह सीधे तौर पर प्रदेश की सरकार और चुनाव आयोग के बीच चल रहे गतिरोध की वजह से है। अगर ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट नहीं जाती तो शायद यह स्थिति पैदा नहीं होती। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग लोगों को भरोसा दिलाए कि चुनाव से पहले जो वोटर लिस्ट का मामला है, उसे सुलझा लिया जाएगा। दूसरी ओर, कांग्रेस उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी ने विधानसभा चुनाव के लिए बहरामपुर विधानसभा क्षेत्र में घर–घर जाकर प्रचार–प्रसार भी किया।

# विधानसभा चुनाव : दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी, 142 सीटों पर होगा मतदान

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में राज्य की 142 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, नौ अप्रैल नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि तय की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 10 अप्रैल को की जाएगी, जबकि 13 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे।

इन सीटों पर मतदान 29 अप्रैल को कराया जाएगा और पूरी चुनाव प्रक्रिया छह मई तक पूरी कर ली जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता पहले की तरह प्रभावी है और सभी उम्मीदवारों तथा राजनीतिक पार्टियों के लिए इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि सभी 294 विधानसभा सीटों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निगरानी और प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अधिसूचना में चुनाव अवधि के दौरान एग्जिट पोल के संचालन, प्रकाशन और प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबंध की भी पुनः पुष्टि की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अधिसूचित अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जोड़ासांको सीट पर कांटे की टक्कर, तृणमूल और भाजपा में सीधा मुकाबला

❑ **मुस्लिम वोट, योजनाओं का असर और मोदी फैक्टर–किसका पलड़ा भारी?**

❑ **जलजमाव, ट्रैफिक और पुरानी इमारतें बने मुख्य चुनावी सवाल**



जोड़ासांको की धरोहर ठाकुरबाड़ी

**कोलकाता, समाज्ञा**

जैसे जैसे चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं प्रत्येक दल के प्रत्याशी प्रचार में जोर शोर से लग गए है। पार्टी उम्मीदवारों के बैनर–झंडे से गली मुहल्ले पट गए है। घर घर जाकर उम्मीदवार सबसे उम्मीद लगा रहा है, उसको अपना खास बता रहा है। मुख्य प्रतिद्वंदियों के बीच कहीं–कहीं तनातनी भी हो जा रही है। बात बिगड़ने पर पुलिस और रैफ को भी कूदना पड़ रहा है। तीन दशक से ऊपर सत्ता में रहने वाली वाम मोर्चा लड़ाई में ही नहीं है, कांग्रेस की तो चर्चा भी नहीं है। छोटे या नए दलों के प्रदर्शन को लेकर जीत–हार की संभावनाएं और समीकरण बनाये जा रहे हैं। असली लड़ाई 15 साल से सत्ता में काबिज तृणमूल कांग्रेस और भाजपा में है। पश्चिम बंगाल की जोरासांको विधानसभा सीट (165) उत्तर कोलकाता का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षेत्र है। पिछले पांच चुनाव (25 वर्षों) से यह सीट तृणमूल कांग्रेस के कब्जे में है। यहाँ की मुख्य बातें मिश्रित आबादी, मिली–जुली संस्कृति, पुराना व्यवसायिक केंद्र और रवींद्र भारती विश्वविद्यालय (ठाकुरबाड़ी) जैसी प्राचीन धरोहर हैं।

❑ **ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व :** जोड़ासांको भारत का प्राचीनतम व्यवसायिक शहर का क्षेत्र है। रवींद्रनाथ टैगोर का पैतृक घर (जोरासांको ठाकुरबाड़ी) यहीं स्थित है, जो अब रवींद्र भारती विश्वविद्यालय है।

❑ **भौगोलिक संरचना :** यह विधान सभा मुख्य रुप से कोलकाता म्युनिसिपल कारपोरेशन के वार्ड नंबर 22, 23, 25, 27, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43 का क्षेत्र है। घनी आवादी और संकरी गलियों वाला व्यस्ततम शहरी इलाका है।

❑ **चुनावी संरचना :** 104 बूथ, 250 पार्ट, मतदाता संख्या 2026 में कुल 1,25,082 (अभी तक) हैं, जिसमें 66,923 पुरुष और 58,159 महिलाएं हैं।

❑ **आबादी :** क्षेत्र की जनसंख्या करीब 2.5 लाख। छोटे बड़े व्यापारियों के साथ–साथ यह क्षेत्र माध्यम और मजदूर वर्ग बहुल घनी आवादी वाला क्षेत्र है।

❑ **वर्तमान प्रतिनिधित्व :** विवेक गुप्ता, तृणमूल कांग्रेस वर्तमान विधायक हैं, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी और अन्य उम्मीदवारों को हराकर यह सीट जीती थी।

❑ **चुनावी मुद्दे :** यहाँ के मुख्य मुद्दे जल जमाव, पुरानी इमारतों का पुनर्निर्माण या नवीनीकरण, ट्रैफिक का सही प्रबंधन, और स्थानीय व्यापारियों की समस्याएं हैं।

❑ **अवलोकन :** नए और छोटे दलों के अच्छे प्रदर्शन भाजपा के लिए मददगार साबित हो सकते हैं। हिन्दू–मुस्लिम और मंदिर–मस्जिद की राजनीति का लाभ मिल सकता है। मोदी मैजिक और अच्छी चुनावी रणनीति जीत में सहायक सिद्ध हो सकती है।

आज के दिन पश्चिम बंगाल की राजनीति में दीदी सबसे बड़ा चेहरा है जो तृणमूल कांग्रेस की जीत का मुख्य कारण है। राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणी योजनाओं का लाभ बेशक सत्ताधारी पार्टी को मिलता है। मुस्लिम वोटरों का एकतरफा झुकाव जीत को सुगम बना सकता है।

| नामांकन | नाम वापसी | मतदान | मतगणना |
|---|---|---|---|
| 9 अप्रैल तक | 13 अप्रैल तक | 29 अप्रैल | 4 मई |

**मुख्य उम्मीदवारों का संक्षिप्त परिचय**



**विजय उपाध्याय :** तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार, 2015 और 2021 दो बार के कॉउन्सिलर वार्ड 20, सामाजिक नेता की छबि



**विजय ओझा :** भाजपा के उम्मीदवार, 2010, 2015 और 2021 तीन बार के कॉउन्सिलर वार्ड नंबर 23, युवा नेता

| उम्मीदवार (2021) | पार्टी | प्राप्त वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| विवेक गुप्ता | तृणमूल | 52,123 | 52.67 |
| मीना देवी पुरोहित | भाजपा | 39,380 | 39.80 |
| अजमल खान | कांग्रेस | 4,769 | 4.82 |

# चुनाव कार्यालय के बाहर गैरकानूनी रूप से जुटने के आरोप में तृणमूल पार्षदों के खिलाफ प्राथमिकी

**कोलकाता :** कोलकाता में राज्य निर्वाचन कार्यालय के पास गैरकानूनी रूप से इकट्ठा होने और पुलिस के निर्देशों की अवहेलना करने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस के दो पार्षदों समेत कई लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, 'गैरकानूनी रूप से एकत्र होने और पुलिस के निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।' उन्होंने बताया कि शिकायत में वार्ड 36 के पार्षद सचिन सिंह और वार्ड 32 के पार्षद शांति रंजन कुंडू सहित छह प्रमुख व्यक्तियों के नाम शामिल हैं, जबकि कई अन्य लोगों के खिलाफ अज्ञात व्यक्तियों के रूप में मामला दर्ज किया गया है। स्ट्रैंड रोड पर




मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के बाहर फॉर्म 6 आवेदन जमा करने के विरोध में समूह के कथित तौर पर इकट्ठा होने के दौरान मंगलवार रात यह घटना घटी। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस समर्थित बूथ–स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के एक समूह ने मंगलवार सुबह मतदाता सूची में कथित हेरफेर के खिलाफ सीईओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और पुलिस तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से उनकी झड़प हुई। पुलिस के अनुसार, समूह ने बिना अनुमति के निर्वाचन कार्यालय के सामने इकट्ठा होकर निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया। सीईओ कार्यालय ने बुधवार को अपने परिसर के बाहर कथित 'असामाजिक गतिविधि' की आशंका जताई, पार्षद के घेराव से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया और कहा कि चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीईओ कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'पार्षद बेलेघाटा ने कुछ गुंडों के साथ मिलकर सीईओ कार्यालय का घेराव किया और आधी रात को नारे लगाए। ऐसी असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून अपना काम करेगा।'

### पीएफसी के स्वतंत्र निदेशक भास्कर भट्टाचार्य ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) के स्वतंत्र निदेशक भास्कर भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार होने के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पीएफसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि भास्कर भट्टाचार्य ने एक अप्रैल को ईमेल के जरिये अपना इस्तीफा भेजा। बता दें कि ऊर्जा मंत्रालय ने 13 मई 2025 को उन्हें एक वर्ष के लिए स्वतंत्र निदेशक के तौर पर निदेशक मंडल में शामिल किया था। कंपनी सूचना के अनुसार, अपने इस्तीफे में भट्टाचार्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रस्तावित उम्मीदवारी के कारण संभावित हितों के टकराव से बचने के लिए उन्होंने निदेशक मंडल से इस्तीफा दिया है। भट्टाचार्य ने अपने इस्तीफा में लिखा कि मुझे पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए श्रीरामपुर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में चुना गया है।

# ममता दीदी नहीं अब अप्पी बन गई हैं : सीएम मोहन यादव

**कहा... 'घुसपैठियों के लिए बंगाल में कोई जगह नहीं'**

**बांकुड़ा :** मुख्यमंत्री मोहन यादव गुरुवार को बांकुड़ा जिले में भाजपा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि बांकुड़ा में आज हमारे सभी प्रत्याशियों का नामांकन भरने का मौका है। यह धरती सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, सुप्रसिद्ध मूर्तिकार राम किंकर की धरती। आज चुनाव का शंखनाद हो रहा है। ममता दीदी के राज में सब परेशान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। इसलिए यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है। इस माहौल में श्री राम का मंत्र हम सभी को ताकत दे रहा है। आज हमारे बंगाल में यहां का युवा–महिला–गरीब–किसान, सभी लोग बदलाव के लिए खड़े हो गए



हैं। सब अपनी आन–बान–शान के लिए लड़ रहे हैं। आज दुनिया की कोई ताकत भाजपा को बंगाल में सत्ता हासिल करने से रोक नहीं सकती। बांकुड़ा जिले में 15 साल से सत्ता पर कायम ममता दीदी के राज में लोग पलायन कर रहे हैं। कोई ओडिशा जा रहा है, कोई महाराष्ट्र जा रहा है, कोई झारखंड जा रहा है। वर्तमान में, बंगाल का युवा कंगाल हो रहा है और बांग्लादेशी मालामाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारे अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोगों के लिए बंगाल में कोई जगह नहीं है। सीएम ने ममता सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। उन्होंने शिक्षक भर्ती, मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब हिसाब चुकता करने का समय आ गया है। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा के पक्ष में माहौल है और कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। सभा के अंत में मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से घर–घर जाकर प्रचार करने और हर वोट भाजपा के पक्ष में सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक एक–एक वोट नहीं पड़ जाता, तब तक चैन से नहीं बैठना है।

# दल बदल की राजनीति तेज: नबग्राम के निवर्तमान विधायक भाजपा में शामिल

## तृणमूल से दूरी, भाजपा से नजदीकी-कनई मंडल के फैसले से बदले चुनावी समीकरण

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनजर राज्य की राजनीति में दल-बदल का सिलसिला तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में नबग्राम के निवर्तमान विधायक कनई चंद्र मंडल ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। साल्टलेक स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य और नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। कनई चंद्र मंडल का राजनीतिक सफर कई उतार-चढ़ाव से गुजरता रहा है। वे पहले माकपा के सक्रिय नेता रहे और 2016 में इसी दल के टिकट पर विधायक चुने गए थे। बाद में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का रुख किया और 2021 में उसी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने। हालांकि, आगामी चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया, जिसके बाद उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि टिकट न मिलने की नाराजगी इस निर्णय की मुख्य वजह हो सकती है। भाजपा में शामिल होने के बाद कनई चंद्र मंडल ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी उन्हें आगामी चुनाव में उम्मीदवार बनाती है या नहीं। फिलहाल, उनके इस कदम से नबग्राम क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण बदलने के संकेत मिल रहे हैं।



# जलपाईगुड़ी में 14 बांग्लादेशी नागरिक नकली आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार

❑ आरोपियों के पास से मलेशियाई करेंसी मिली, बुल्गारिया जाने की कोशिश में थे



**जलपाईगुड़ी :** जलपाईगुड़ी रोड स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दिल्ली जाने वाली नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन से 14 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। इसमें चार महिलाएं और चार नाबालिग शामिल हैं। रेलवे सुरक्षा बल को इन लोगों के पास से आधार कार्ड भी मिले हैं। जिसकी जांच की जा रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बिप्लब दत्ता ने बताया कि यह जांच खास सूचनाओं के आधार पर की गई थी। जांच के दौरान कुछ संदिग्ध लोग नजर आए, जिसके बाद उनके दस्तावेजों की जांच की गई। इस कार्रवाई में 5 पुरुष, 5 महिला और 4 बच्चों के खिलाफ एक्शन लिया गया। ये सभी बांग्लादेश के रहने वाले हैं और उनके पास से नकली आधार कार्ड और मलेशियाई करेंसी बरामद की गई। पकड़े गए लोगों का कहना है कि वे काम के लिए कश्मीर जा रहे थे। गिरफ्तार किए गए अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस की ओर से शुरू कर दी गई है। आउटर डिस्ट्रिक्ट की फॉरेन सेल ने अपने अधिकार क्षेत्र में अवैध प्रवासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर एक अभियान शुरू किया है। इसके अलावा, यह भी पता चला कि ये लोग भारत में रह कर बिना किसी वैध दस्तावेज के बुल्गारिया के लिए मेडिकल वीजा हासिल करने की कोशिश कर रहे थे।

### वॉबल और आरजी सेल्युलर की रणनीतिक साझेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड वॉबल ने पूर्वी भारत में अपने विस्तार को मजबूत करते हुए आरजी सेल्युलर के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में 75 से 80 प्रतिशत तक बाजार कवरेज हासिल करना और मेनलाइन रिटेल नेटवर्क को सुदृढ़ बनाना है। इस साझेदारी की शुरुआत कोलकाता के ई-मॉल स्थित वेलोसिटी टेक मल्टीवर्स में वॉबल वन स्मार्टफोन के लॉन्च के साथ हुई, जो पूर्वी भारत में ब्रांड का पहला बड़ा मेनलाइन रिटेल कार्यक्रम है। कंपनी के अनुसार, यह कदम उसकी राष्ट्रीय वितरण रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वॉबल का सेवा नेटवर्क देश के 300 से अधिक शहरों और 18,000 से ज्यादा पिनकोड तक फैला हुआ है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा और भरोसा मिल सकेगा।

## स्कूल सेवा आयोग के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से राहत

❑ हाईकोर्ट में सुलझा मामला

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में लगे स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी से राहत मिल गई है। निर्वाचन आयोग ने 26 अधिकारियों को चुनाव कार्य से मुक्त कर दिया, जिसके बाद कोलकाता उच्च न्यायालय में चल रहा मामला भी समाप्त हो गया। दरअसल, आयोग के 35 कर्मचारियों में से 26 को विधानसभा चुनाव के लिए पोलिंग अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे चल रही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी। स्कूल सेवा आयोग ने 25 मार्च को इस संबंध में हाईकोर्ट का रुख किया था। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग के वकील ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 31 अगस्त तक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करनी है, ऐसे में कर्मचारियों की कमी से कार्य बाधित हो सकता है। इस पर निर्वाचन आयोग ने अदालत को सूचित किया कि संबंधित 26 अधिकारियों को चुनावी ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है। अतिरिक्त जिलाधिकारी ने भी 1 अप्रैल को इसकी पुष्टि की कि इन अधिकारियों को पोलिंग ड्यूटी से अवकाश दे दिया गया है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने निर्वाचन आयोग के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आएगी। इसके बाद अदालत ने मामले का निपटारा कर दिया। गौरतलब है कि राज्य में 26 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसे तय समय सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## न्यू गड़िया से सेक्टर फाइव मेट्रो कनेक्टिविटी का रास्ता साफ, चिंगड़ीहाटा में ट्रैफिक ब्लॉक की मंजूरी

**कोलकाता :** कोलकाता में मेट्रो परियोजना के तहत न्यू गड़िया से सेक्टर फाइव तक सीधी कनेक्टिविटी का रास्ता अब लगभग साफ हो गया है। चिंगड़ीहाटा इलाके में लंबे समय से अटके कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक की मंजूरी मिल गई है।

सूत्रों के अनुसार, कोलकाता पुलिस ने 15 मई से चिंगड़ीहाटा में ट्रैफिक ब्लॉक की अनुमति दे दी है। इसके बाद मेट्रो के शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जाएगा। इस रूट को जोड़ने के लिए अब केवल 366 मीटर का काम बाकी है।

जानकारी के मुताबिक, चिंगड़ीहाटा क्षेत्र में पहले से कुछ पिलर बनाए जा चुके हैं। अब उन पर गर्डर डालकर ट्रैक बिछाने का काम किया जाएगा। संबंधित एजेंसियों का लक्ष्य है कि मानसून





शुरू होने से पहले यह कार्य पूरा कर लिया जाए।

उल्लेखनीय है कि इस हिस्से में ट्रैफिक ब्लॉक को लेकर राज्य सरकार और मेट्रो प्राधिकरण के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके कारण परियोजना में देरी हुई। मामला उच्च न्यायालय से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था।

अब मंजूरी मिलने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही न्यू गड़िया से सेक्टर फाइव तक मेट्रो सेवा शुरू हो सकेगी, जिससे शहर के यातायात पर दबाव कम होगा और यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

## नामांकन के दौरान नंदीग्राम में तृणमूल कार्यकर्ता की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नंदीग्राम में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान फड़िंग दास (51) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह फड़िंग दास को उनके घर के पास अस्वस्थ अवस्था में पाया गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत नंदीग्राम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि बुधवार की रात कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें धमकी दी थी कि वे पार्टी उम्मीदवार पवित्र कर के नामांकन कार्यक्रम में शामिल न हों। आरोप है कि गुरुवार को नामांकन में शामिल होने के लिए निकलने के



दौरान उन पर हमला किया गया और पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हालांकि, पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उन्होंने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या की है। पूरे मामले की जांच जारी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

### बंगाल चुनाव से पहले टीएमसी को बड़ा झटका,

# आई-पैक के ठिकानों पर ईडी ने मारी रेड, दिल्ली से हैदराबाद तक छापेमारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में चुनाव के लिए कुछ ही दिन बचे हैं। इससे पहले टीएमसी को बड़ा झटका लगा है। टीएमसी के लिए काम करने वाली आई-पैक कंपनी के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड मारी है। ईडी ने दिल्ली, बंगलौर से लेकर हैदराबाद में कंपनी के ऑफिसों में छापेमारी की। चुनाव से पहले इसे ममता सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ईडी ने आई-पैक के ठिकानों पर तलाशी ली है, जिसमें दिल्ली, बंगलूरू और हैदराबाद शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, राजनीतिक परामर्श फर्म के कुछ अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर नए सिरे से तलाशी अभियान चलाया गया है।

**आई-पैक के परिसरों पर ईडी छापे पार्टी के चुनाव अभियान को पटरी से उतारने की हताश कोशिश : तृणमूल कांग्रेस**

तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को की गई छापेमारी को पश्चिम बंगाल में पार्टी के चुनाव अभियान को पटरी से उतारने की भाजपा की हताश कोशिश करार दिया। तृणमूल के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने दावा किया कि ईडी की कार्रवाई का मकसद उनकी पार्टी की चुनावी रणनीति का पता लगाना है, क्योंकि प्रचार शुरू हो चुका है और नेता पूरे राज्य में घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसे महत्वपूर्ण समय में तृणमूल कांग्रेस को केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से परेशान करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जनवरी में भी ऐसा किया था और अब वे फिर से अपनी नापाक चाल चल रहे हैं।



दक्षिण कोलकाता के बेहाला पाठक पाड़ा क्षेत्र में पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा हनुमान जयंती उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन ट्रस्ट के चौथे वर्ष में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवा के तहत करीब 2000 जरूरतमंद लोगों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया।

## पश्चिम बंगाल में प्राचीन मूर्तियों की तस्करी पर सख्ती, पांच वर्षों में संरक्षित स्मारकों से चोरी शून्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में प्राचीन मूर्तियों और पुरावशेषों की तस्करी को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह सतर्क है। राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य के केंद्रीय संरक्षित स्मारकों से किसी भी प्राचीन वस्तु की चोरी का कोई मामला सामने नहीं आया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 तक विदेशों से कुल 655 प्राचीन वस्तुएं भारत वापस लाई जा चुकी हैं। सरकार द्वारा पुरावशेषों की चोरी और तस्करी रोकने के लिए लगातार आवश्यक निवारक उपाय



किए जा रहे हैं।

सांसद समिक भट्टाचार्य द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीन संग्रहालयों में निगरानी के लिए वॉच एंड वार्ड स्टाफ, सीआईएसएफ तथा निजी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। मंत्री ने यह भी बताया कि वर्ष 2007 में पुरावशेषों और स्मारकों के डिजिटलीकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय पुरावशेष एवं स्मारक मिशन (एनएमएमए) की शुरुआत की गई थी। इस मिशन के तहत अब तक 17.20 लाख पुरावशेषों का दस्तावेजीकरण किया जा चुका है, जिनमें से 12.48 लाख को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) अवैध तस्करी रोकने के लिए पुलिस, सीबीआई, कस्टम विभाग और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखता है।

### वीवो ने 5जी सेगमेंट में बढ़ाई टक्कर, टिकाऊ डिजाइन और लंबी बैटरी पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्मार्टफोन बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच कंपनियां अब केवल फीचर्स ही नहीं, बल्कि लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और मजबूत डिजाइन पर भी विशेष ध्यान दे रही हैं। इसी क्रम में वीवो ने अपने वाई-सीरीज पोर्टफोलियो में ऐसे 5जी स्मार्टफोन्स को शामिल किया है, जिन्हें खास तौर पर रोजमर्रा के लंबे उपयोग और टिकाऊपन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रदर्शन के लिहाज से इनमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 प्रोसेसर दिया गया है, जो 5जी कनेक्टिविटी के साथ स्मूद मल्टीटास्किंग अनुभव प्रदान करता है। 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट वाला एचडी+ डिस्प्ले और बेहतर ब्राइटनेस आउटडोर उपयोग को आसान बनाता है। कैमरा फीचर्स में भी सुधार देखने को मिल रहा है, जहां एआई आधारित तकनीक के साथ अलग-अलग फोटोग्राफी मोड्स दिए गए हैं।

## भारतीय सेना के साथ एईएसएल का समझौता, सैनिकों के परिवारों को मिलेगी शैक्षणिक सहायता



**कोलकाता, समाज्ञा :** देश की अग्रणी टेस्ट प्रिपरेशन संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने भारतीय सेना के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल का उद्देश्य सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शैक्षणिक सहायता और कल्याणकारी लाभ प्रदान करना है। समझौते के तहत एईएसएल अपने सभी केंद्रों पर सेना से जुड़े विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्तियां और सुविधाएं देगा। शहीद सैनिकों के बच्चों के लिए 100 प्रतिशत फीस माफी, 20 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले कर्मियों एवं वीरता पुरस्कार विजेताओं के बच्चों के लिए पूर्ण ट्यूशन फीस छूट, तथा अन्य सैनिकों के बच्चों के लिए 20 प्रतिशत फीस में राहत प्रदान की जाएगी। एईएसएल के एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहा कि यह पहल सैनिकों के त्याग के सम्मान और उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित है।

## पूर्व रेलवे ने 2025-26 में रचा विकास का नया कीर्तिमान, यात्रियों को मिलेगी तेज और सुरक्षित रेल सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए रेल सेवाओं को अधिक सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने मालदह टाउन, दुर्गापुर, शंकरपुर, पाकुड़ और खाना सहित पांच प्रमुख स्टेशनों पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इन सुधारों से ट्रेनों के आवागमन में आने वाली बाधाएं दूर होंगी, जिससे ट्रेनों का स्टेशन में प्रवेश और निकास तेज होगा तथा आउटर सिग्नल पर यात्रियों की प्रतीक्षा अवधि में कमी आएगी। सुरक्षा और लाइन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से चार इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग (आईबीएस) सिस्टम भी शुरू किए गए हैं। ये संझा हॉल्ट (टिकानी-धौनी के बीच), पुंसिया हॉल्ट (धौनी-बराहाट), दानरे हॉल्ट (मंदारहिल-हंसडीहा) और नोआपाड़ा महिषासुर हॉल्ट (मणिग्राम-महीपाल रोड) सेक्शन में चालू कर दिए गए हैं।

पूर्व रेलवे ने 454 किमी से अधिक लंबाई की आठ प्रमुख मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 8,381.99 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं के तहत डानकुनी-बाल्टिकुरी, मुरारई-बरहरवा, सैंथिया-पाकुड़ और पाकुड़-गुमानी जैसे व्यस्त मार्गों पर तीसरी और चौथी लाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा, राणाघाट-कृष्णनगर और भागलपुर-जमालपुर सेक्शन में तीसरी लाइन तथा भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट और रानाघाट-बनगांव सेक्शन में डबल लाइन परियोजनाएं शामिल हैं, जिससे मौजूदा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भविष्य की योजनाओं के तहत सिउड़ी-नाला नई रेल लाइन (राजनगर और बकरेश्वर धाम के रास्ते), आरामबाग-खानाकुल नई लाइन तथा चंपापुकुर -हसनाबाद और लक्ष्मीकांतपुर-नामखाना सेक्शन के डबलिंग कार्य के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी दी गई है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि ये परियोजनाएं रेल यात्रा के अनुभव को पूरी तरह बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने बताया कि मल्टी-ट्रैकिंग और यार्ड रीमॉडलिंग से न केवल ट्रेनों की गति बढ़ेगी, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित और समय पर यात्रा की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का यह निवेश पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के प्रमुख क्षेत्रों को बेहतर रेल नेटवर्क से जोड़ने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## परोपकार से पुण्य लाभ अर्जित करना मानव जीवन की सार्थकता : स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज



**कोलकाता :** भागवताचार्य स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज ने श्री रामेश्वरनाथ महादेव मन्दिर में श्री हनुमान (बालाजी) जयंती के अवसर पर कहा प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी से हमे भक्ति की प्रेरणा मिलती है। हनुमान जयंती के अवसर पर भक्तों के जीवन में सुख - शान्ति की शुभकामना देते हुए स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज ने कहा वर्तमान समय में भौतिक जगत ही सब कुछ है। आत्मा तिरोहित हो गई है। भौतिक सुख - वैभव की चाहत सबको है। स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज ने कहा सूर्य दिन में तथा चंद्रमा एवं तारे रात्रि में संसार में प्रकाश से उजाला करते हैं। मानव जन्म ईश्वर की कृपा से मिला है। जीवनयापन के लिये परस्पर बंधुत्व सद्भावना एवं परोपकार की प्रेरणा देते हुए कहा आत्मा, परमात्मा, धर्म, कर्तव्य, परमार्थ जैसी मान्यताओं के आधार पर पुण्य लाभ अर्जित करना मानव जीवन की सार्थकता है। पण्डित अनिल मिश्रा, मानस होता, जगनारायण पण्डित, मुकेश यादव एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने 2025-26 में बनाया रिकॉर्ड, माल लदान से यात्री सेवाओं तक शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्तीय वर्ष 2025-26 में दक्षिण पूर्व रेलवे ने संचालन, राजस्व, आधारभूत ढांचे और यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक उपलब्धियां हासिल की हैं। इस अवधि में कुल 210.41 मिलियन टन माल लदान किया गया, जिससे 18,332.44 करोड़ की आय प्राप्त हुई। उद्गम यात्रियों से 2961.20 करोड़, टिकट जांच से 104.05 करोड़, गैर-भाड़ा राजस्व से 30.57 करोड़, कैटरिंग से 184 करोड़ तथा पार्किंग से 13.75 करोड़ की आय दर्ज की गई। कुल 220.36 मिलियन यात्रियों को सेवा प्रदान की गई। तकनीकी सुधारों में पहली बार मेधा रेखा परिवर्तक मॉड्यूल की विभागीय मरम्मत कर प्रति इकाई लगभग 9 लाख की बचत की गई। 101 नए विद्युत इंजन जोड़े गए, जिससे कुल संख्या 1,566 हो गई, जो भारतीय रेल में सर्वाधिक है। 41 इंजनों में वातानुकूलित चालक कक्ष, 23 में बिना जल वाले मूत्रालय तथा 6 इंजनों में स्वदेशी टक्कर-निवारण प्रणाली स्थापित की गई। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के तहत 173 ट्रैक किमी पुराने विद्युत तार बदले गए, 99.205 ट्रैक किमी नई 25 केवी एसी लाइन चालू की गई और मनोहरपुर व भांजपुर में 2 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए गए। 156 मार्ग किमी में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग, 14 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग तथा 29 समपार फाटकों का इंटरलॉकिंग किया गया। 115 समेकित विद्युत आपूर्ति प्रणालियां स्थापित की गईं और 738 पुराने प्वाइंट्स बदले गए। यात्री सुविधाओं में 16 एस्केलेटर, 20 लिफ्ट और कांड्रा व घाटशिला में 2 नए विश्राम गृह शुरू किए गए। 7.18 मेगावाट सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित की गई। संचालन के क्षेत्र में 1365 विशेष ट्रेनें चलाई गईं, 39 ट्रेनों की गति 130 किमी/घंटा की गई, 9 ट्रेनों का कोच उन्नयन और 4 का मानकीकरण किया गया। 5 नई ट्रेनें शुरू हुईं तथा 2964 अस्थायी और 74 स्थायी डिब्बे जोड़े गए। निष्प्रयोज्य डीजल इंजनों के निपटान से 49.74 करोड़ की आय हुई। साथ ही, 3182 नई भर्तियां कर मानव संसाधन को भी सशक्त किया गया।

### दासपाढ़ा दालपट्टी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति का उत्साह, समाज के लोगों की सक्रिय भागीदारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** दासपाढ़ा दालपट्टी हनुमान मंदिर फूलबागान में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद एवं बोरो चेयरमैन अनिंदो किशोर राउत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष विकास जायसवाल, स्वरूप किशन जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, रतन जायसवाल, केश्टो साव, मनोज गुप्ता और संजय जायसवाल समेत अन्य कार्यकारिणी सदस्य भी शामिल हुए। दासपाढ़ा जायसवाल समाज की ओर से रितेश जायसवाल, अविनाश साव, अमित जायसवाल, मनोज जायसवाल, अंशु गुप्ता, गगन जायसवाल, विक्की जायसवाल, पियूष जायसवाल, दिनेश जायसवाल, राजकुमार जायसवाल और आशू जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और धार्मिक वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### ताजपुर में दर्दनाक हादसा, समुद्र में डूबने से दो चिकित्सकों की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के ताजपुर समुद्र तट से बुधवार रात को दो लोगों के शव बरामद किए गए। जिनकी डूबने से मौत होने की आशंका है। मृत दोनों व्यक्ति पेशे से चिकित्सक बताए जा रहे हैं और उनका घर उत्तर 24 परगना के सोदपुर इलाके में है। मृतकों की पहचान कुंतल चक्रवर्ती और शैलजा भारद्वाज के रूप में हुई है। दोनों की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात स्थानीय लोगों ने ताजपुर में विश्व बांग्ला क्षेत्र के पास समुद्र में दो शवों को तैरते हुए देखा और इसकी सूचना तुरंत मंदारमणि कोस्टल थाने को दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी की पीट-पीटकर हत्या, सीसीटीवी फुटेज में सामने आई वारदात

**चित्तरंजन :** चित्तरंजन में पूर्व हॉकी खिलाड़ी और रेलकर्मी की पीट-पीटकर हत्या के मामले ने तनाव पैदा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, 8 मार्च को स्टेशन चौक के पास मामूली विवाद के बाद कुछ बदमाशों ने उनकी बेरहमी से पिटाई की थी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की 22 दिन बाद बुधवार को दुर्गापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान एरिक लाकड़ा (50) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उनकी कार और एक स्कूटी के बीच हल्की टक्कर के बाद विवाद शुरू हुआ। इसके बाद, बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनका पीछा कर ऑफिसर्स क्लब के पास घेर लिया और उन पर हमला कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बदमाश हेलमेट और लोहे की रॉड से एरिक पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। भीड़भाड़ वाले इलाके में इस घटना को देखकर लोग सन्न रह गए। आरोपियों ने घायल अवस्था में उन्हें छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने आयुष भगत, राजा खान और शुभम पांडे को आरोपी के रूप में चिन्हित किया है, जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# एसआईआर के विरोध में राज्य के कई जिलों में प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए, सड़कों को अवरुद्ध किया और मौन मार्च निकाला

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण से महज तीन सप्ताह पहले, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में गुरुवार को राज्य के कई जिलों में प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूचियों से नाम हटाए जाने के विरोध में सड़कों और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। मालदह, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और पूर्व बर्दवान में प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए, सड़कों को अवरुद्ध किया और मौन मार्च निकाला। मालदह जिले के इंग्लिश बाजार क्षेत्र के जादुपुर में भी प्रदर्शन हुआ। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हमारे पास सभी आवश्यक दस्तावेज हैं, फिर भी हमारा नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया। हम तत्काल सुधार चाहते हैं। मंगलबाड़ी में प्रदर्शन लगभग चार घंटे तक जारी रहा। मालदह के अतिरिक्त जिला



मजिस्ट्रेट शेख अनसार अहमद के मौके पर पहुंचने और प्रदर्शनकारियों को उनकी शिकायतों पर गौर करने का आश्वासन देने के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। जलपाईगुड़ी के मैनागुड़ी में, स्थानीय लोगों ने हुसुलडांगा में राष्ट्रीय राजमार्ग–27 को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के बाद कई पात्र मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। एसआईआर विरोधी प्रदर्शन पड़ोसी कूचबिहार जिले में भी देखने को मिला, जहां पचगढ़ ग्राम पंचायत क्षेत्र के मदरसा मोड़ के निवासियों ने कूचबिहार–मथाभंगा सड़क को लगभग तीन घंटे तक अवरुद्ध कर दिया। पूर्व बर्दवान के शक्तिगढ़ में मौन मार्च का आयोजन किया गया, जहां प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि कई पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब हैं।

# निर्वाचन आयोग ने जारी की सातवीं सप्लीमेंटरी सूची, 49.62 लाख नामों का निपटान

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग ने बुधवार देर रात सातवीं सप्लीमेंटरी मतदाता सूची जारी कर दी है। जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक कुल 49 लाख 62 हजार 850 मतदाताओं के नामों का निपटान किया जा चुका है। हालांकि, इनमें से कितने नाम हटाए गए हैं, इसकी स्पष्ट जानकारी आयोग ने नहीं दी है।

आयोग के अनुसार, कुल करीब 60 लाख लंबित मामलों में से अब तक लगभग 49.62 लाख नामों का सत्यापन पूरा हो चुका है। इसके बावजूद अभी भी 10 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम विचाराधीन हैं, जिन पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है।

सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा गति से कार्य जारी रहा तो अगले कुछ दिनों में शेष नामों का भी निपटान कर लिया जाएगा। इसके बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि अंतिम सूची में कितने मतदाताओं के नाम शामिल हुए और कितनों के नाम हटाए गए।

निर्वाचन आयोग ने यह भी बताया कि जिन मतदाताओं के नाम अंतिम सूची से बाहर हो जाएंगे, उन्हें विशेष ट्रिब्यूनल में अपील करने का अवसर दिया जाएगा।

इस बीच, मतदाता सूची को लेकर राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और विभिन्न दल इस मुद्दे पर अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

**NAME CHANGE**

I, Aparna Bhowmik Biswas (DOB-30/05/1993), W/o-Indrajit Biswas, R/o-: Vill-Karial, P.O.- Jalalpur, P.S.: Gangarampur, Dist- Dakhin Dinajpur shall be known as Aparna Bhowmik vide Notary, Gangarampur Court, Buniadpur (Affidavit No.06) Dated 18.10.2025. Henceforth, Aparna Bhowmik Biswas & Apama Bhowmik is same and one identical person.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–46–25, दिनांक 01.04.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–46–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : हावड़ा मंडल में पुराने, जीर्ण–शीर्ण एवं बुरी तरह से जंग लगे हुए कैंटीलिवर असेंबली का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 5,19,33,183,95, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 10,38,700/–, **कार्य समाप्ति की अवधि** : एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 04.05.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-06/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन)/केजीपीडब्ल्यू, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर–721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है : **ई–खुली निविदा सं.: एमपी–केजीपीडब्ल्यू–एसडब्ल्यूएल90–26–04, दिनांक: 31.03.2026, कार्य का विवरण:** ई–खुली निविदा के माध्यम से 02 (दो) वर्षों के लिए "खड़गपुर वर्कशॉप के व्हील शॉप नंबर 19 में स्थापित मेसर्स एचबाईटी इंजीनियरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, पुणे के ब्रॉड गेज सीएनसी सरफेस व्हील लेद (13एलडब्ल्यू/19) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध"। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.1,06,76,640/–, **अंतिम तिथि :** 22.04.2026, **वेबसाइट का विवरण:** **www.ireps.gov.in** **टिप्पणी:** निविदा सूचना के विवरण एवं अपेक्षित जानकारी के साथ समय–समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (PR-12)

## बंगाल में और 300 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनात होंगी, चुनाव से पहले सुरक्षा कड़ी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य में अतिरिक्त 300 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनाती की जा रही है। आयोग सूत्रों के अनुसार, 7 अप्रैल तक इन बलों की तैनाती पूरी कर ली जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, कुल 2400 कंपनियों के बीच यह अतिरिक्त 300 कंपनियां राज्य के विभिन्न जिलों में भेजी जा रही हैं। जिला स्तर पर किस क्षेत्र में कितनी तैनाती होगी, इसका अंतिम निर्धारण आयोग ने कर लिया है।

सूत्रों के अनुसार, पूर्व मेदिनीपुर जिले में सबसे अधिक 21 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनात की जाएंगी। वहीं कुछ पुलिस जिलों में इस चरण



में अतिरिक्त बल नहीं भेजा जा रहा है। इनमें उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग और कालिम्पोंग के साथ–साथ दक्षिण बंगाल के झाड़ग्राम, बांकुड़ा और पुरुलिया शामिल हैं।

राज्य में पहले से ही विभिन्न इलाकों में केंद्रीय बलों द्वारा रूट मार्च शुरू किया जा चुका है। एसआईआर से जुड़े मुद्दों को लेकर कई जगहों पर तनाव की स्थिति के बीच यह कदम उठाया गया है।

निर्वाचन आयोग का मानना है कि अतिरिक्त केंद्रीय बलों की तैनाती से चुनाव के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## पेंशनभोगियों के डीए बकाया भुगतान पर बड़ा फैसला, छह महीने में मिलेगी राशि

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने पेंशनभोगियों के लंबित महंगाई भत्ता (डीए) को लेकर बड़ा फैसला लिया है। नवान्न की ओर से जारी नई अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि बकाया डीए और एरियर का भुगतान निर्धारित समयसीमा के भीतर कर दिया जाएगा।

सूचना के अनुसार, वर्ष 2008 से 2015 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनभोगियों को उनका बकाया डीए दिया जाएगा। इसके साथ ही पारिवारिक पेंशन पाने वालों को भी नियमों के अनुसार यह राशि प्रदान की जाएगी। जिन सरकारी कर्मचारियों का निधन हो चुका है, उनके नामित व्यक्ति के खाते में सीधे भुगतान किया जाएगा।

बुधवार को नए वित्तीय वर्ष के पहले दिन नवान्न में इस मुद्दे पर बैठक के बाद गुरुवार को आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई। लंबे समय से पेंशनभोगियों के बकाया भुगतान को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, जो अब काफी हद तक साफ हो गई है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह भुगतान 180 दिनों, यानी लगभग छह महीने के भीतर कर दिया जाएगा। इससे राज्य के हजारों पेंशनभोगियों और उनके परिजनों को राहत मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि इससे पहले राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत पिछले वित्तीय वर्ष में कर्मचारियों के डीए बकाया का एक हिस्सा जारी किया था। अब पेंशनभोगियों को भी इस दायरे में लाया गया है।

### चंदननगर में भाजपा प्रत्याशी को लेकर बवाल, कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई



**हुगली :** चंदननगर में भाजपा प्रत्याशी दीपांजन गुहा को लेकर पार्टी के अंदर विरोध खुलकर सामने आ गया। चावल पट्टी इलाके में उस समय तनाव फैल गया, जब वे आदि जगद्धात्री मंदिर में पूजा करने पहुंचे। बताया जा रहा है कि मंदिर पहुंचते ही भाजपा के ही एक गुट ने उन्हें घेरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच बहस बढ़कर हाथापाई में बदल गई। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए, जिससे स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई। स्थानीय निवासी और वाम समर्थक गोपाल शुक्ला ने बताया कि उन्होंने भाजपा के झंडे लिए दो गुटों को जय श्रीराम के नारे लगाते हुए आपस में भिड़ते देखा। उनके अनुसार, यह स्थिति देश में फैल रही अव्यवस्था की झलक है। हालांकि, बाद में स्थिति सामान्य हुई और दीपांजन गुहा ने मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, मैं मां से यही प्रार्थना करूंगा कि वे उन्हें माफ करें, वे गलती कर रहे हैं। जो भारत माता के सच्चे बेटे हैं, वे कभी अपने ही लोगों के खिलाफ नहीं होते।

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/01** **दिनांक :27.03.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 06 (छह) माह की अवधि के लिए हावड़ा रेलवे स्टेशन पर रेल म्यूजियम के परिचालन एवं रखरखाव का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.: पीयूबी–एचडब्ल्यूएच–26–01, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 11.04.2026 को 14.00 बजे। **क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं.: एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–एसटीजीईएन–77–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), विवरण** : 06 (छह) माह की अवधि के लिए हावड़ा रेलवे स्टेशन पर रेल म्यूजियम के परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना।

HWH-04/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### धनियाखाली में तृणमूल प्रत्याशी असिमा पात्र ने दाखिल किया नामांकन, शक्ति प्रदर्शन के साथ निकाली रैली

**हुगली :** हुगली जिले की धनियाखाली विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार असिमा पात्र ने शुक्रवार को जोरदार शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने समर्थकों के साथ बाइक और गाड़ियों के बड़े काफिले के साथ रैली निकाली, जो



धनियाखाली से चूंचुड़ा के घड़ी मोड़ होते हुए जिला शासक कार्यालय तक पहुंची। जिला शासक कार्यालय में असिमा पात्र ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष जमा किया। वे वर्ष 2011 से 2021 तक लगातार तीन बार इस सीट से विधायक रह चुकी हैं और राज्य सरकार में मंत्री पद भी संभाल चुकी हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने लगभग 30 हजार वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। नामांकन के बाद असिमा पात्र ने कहा कि उनकी लड़ाई किसी अन्य दल से नहीं, बल्कि खुद से है। उन्होंने कहा कि पिछली बार के मुकाबले इस बार जीत का अंतर और बढ़ाने का प्रयास करेंगी। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग एक तरफ हैं, जबकि दूसरी ओर राज्य की जनता है, जो इसका जवाब मतदान के जरिए देगी। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थकों की मौजूदगी से क्षेत्र में चुनावी माहौल गरमा गया।

## बांसबेड़िया में हनुमान जयंती पर भव्य शोभायात्रा, कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण आयोजन

**हुगली :** हुगली जिले के बांसबेड़िया में हनुमान जयंती के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया। पारंपरिक अस्त्र–शस्त्र के साथ निकली शोभायात्रा में आकर्षक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। राम–हनुमान भक्तों ने शस्त्र कला का शानदार प्रदर्शन किया, जबकि भगवान राम, हनुमान और माता जानकी की झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा।

शोभायात्रा की शुरुआत बांसबेड़िया के कलबाजार स्थित हनुमान मंदिर से हुई। यहां से कुल 32 शोभायात्राएं निकाली गईं, जो डीजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ कलबाजार, शिवपुर, झुलनिया मोड़, बोरोपाड़ा होते हुए इस्लाम पाड़ा से वापस कलबाजार तक पहुंचीं। आगामी चुनाव को ध्यान में



रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिसमें सीआईएसएफ के जवान भी शामिल थे। सीसीटीवी, वॉच टावर, बॉडी कैमरा और वाहन कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और डीएसपी स्तर के अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में राजनीतिक उपस्थिति भी देखी गई। सप्तग्राम से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार विदेश बोस, भाजपा प्रत्याशी स्वराज घोष और सीपीएम उम्मीदवार अनिर्बाण सरकार ने मंदिर पहुंचकर पूजा–अर्चना की। दोपहर करीब सवा तीन बजे शुरू हुई यह शोभायात्रा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

**मालदा टाउन-दीघा-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन**

गर्मी के मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03465/03466 मालदा टाउन-दीघा-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सारिणी, ठहराव, यात्रा की तारीख और गठन के अनुसार चलाई जायेंगी :

| मालदा टाउन-दीघा | | | (03465) (03466) | दीघा-मालदा टाउन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनि | – | 13.10 | ↓ मालदा टाउन | 09.20 | – | रवि |
| | 15.15 | 15.20 | रामपुरहाट | 06.22 | 06.27 | |
| | 17.11 | 17.16 | बर्द्धमान | 04.35 | 04.40 | |
| | 18.30 | 18.32 | डानकुनी | 03.40 | 03.42 | |
| | 23.00 | – | दीघा ↑ | – | 23.40 | शनि |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के न्यू फरक्का, पाकुड़, सांइथिया, बोलपुर शांतिनिकेतन, आन्दुल, मेचेदा, तमलुक एवं कांथि स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तारीख/दिन: 03465 मालदा टाउन से और 03466 दीघा से** दिनांक 02/05, 09/05, 16/05, 23/05, 30/05, 06/06, 13/06 तथा 20.06.2026 (शनिवार) को=08 ट्रिप (दोनों)। **गठन:** वातानुकूलित 3-टियर–02, शयनयान श्रेणी–05, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)–07 एवं जीएसएलआरडी–02 = 16 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

**Offline Short Notice Inviting Tender No - 03/City(M) of 2026-27** from bonafied and resourceful decorators having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be on **06.04.2026 up to 12.00 hrs.** Other details may be seen from the web site: **www.pwdwb.in**

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

### फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने लॉन्च किया सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ

**कोलकाता :** फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया ने अपने पहले स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड के तहत सफायर इक्विटी लॉन्ग शॉर्ट एसआईएफ लॉन्च करने की घोषणा की। यह स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड फ्रेमवर्क के तहत एक इक्विटी लॉन्ग–शॉर्ट फंड है, जो निफ्टी 500 के शेयरों में निवेश करेगा, जिससे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों में अच्छा डाइवर्सिफिकेशन मिल सके। लॉन्च के मौके पर अविनाश सतवालकर, प्रेसिडेंट, फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया ने कहा कि, आज के समय में निवेशक ऐसे बाजार का सामना कर रहे हैं जो तेजी से अलग–अलग फेज में बदलता रहता है। ऐसे में अनुशासित और लचीली निवेश रणनीतियों का महत्व और बढ़ जाता है।

## रविंद्र जडेजा बने गणेश कंज्यूमर के ब्रांड एंबेसडर

### सत्तू को राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा**

गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने भारतीय क्रिकेटर रविंद्र जडेजा को अपने नए सत्तू अभियान के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कंपनी का लक्ष्य पारंपरिक क्षेत्रीय उत्पाद सत्तू को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और इसे आधुनिक पोषण विकल्प के रूप में स्थापित करना है।

शहर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने अपना नया टेलीविजन विज्ञापन लॉन्च किया। इस अभियान के जरिए सत्तू को पारंपरिक पेय से आगे बढ़ाकर प्रदर्शन–उन्मुख, प्रोटीन–समृद्ध और ऊर्जा प्रदान करने वाले आधुनिक उत्पाद के रूप में पेश किया गया है। लॉन्च कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक देवांश मिमानी, सीनियर मैनेजर (मार्केटिंग) नितेश कुमार पांडे और सीनियर मैनेजर (मॉडर्न ट्रेड) राजा सरकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विज्ञापन अभियान को लॉवे लिंटास ने तैयार किया है, जिसमें क्रिकेट से प्रेरित ऊर्जावान कहानी के माध्यम से जडेजा की मैदान पर दिखने वाली फुर्ती और ताकत को रोजमर्रा के पोषण से जोड़ा गया है। इसमें सत्तू को प्राकृतिक और लंबे समय तक ऊर्जा देने वाले स्रोत के रूप में दर्शाया गया है। अभियान की मुख्य टैगलाइन जड्डू का सत्तू रखी गई है, जो ब्रांड की पहचान को मजबूत करने के साथ नेचुरल एनर्जी का डेली डोज संदेश को भी स्थापित करती है। पूर्वी और उत्तरी भारत में लंबे समय से प्रचलित सत्तू अब बदलती उपभोक्ता पसंद के कारण फिर से लोकप्रिय हो रहा है। पश्चिम बंगाल में मजबूत पकड़ रखने वाली कंपनी अब ओडिशा, उत्तर–पूर्व भारत, बिहार और झारखंड में अपने विस्तार को तेज कर रही है। इसके साथ ही दिल्ली और वाराणसी जैसे बड़े बाजारों में भी चरणबद्ध तरीके से प्रवेश की योजना बनाई गई है। कंपनी के निदेशक देवांश मिमानी ने कहा कि सत्तू हमेशा से भारत का प्राकृतिक ऊर्जा पेय रहा है और इस अभियान के जरिए इसे नई पीढ़ी के लिए अधिक प्रासंगिक और सुलभ बनाया जा रहा है।

### बारुईपुर में 120 किलो चॉकलेट बम बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 किलोग्राम प्रतिबंधित 'चॉकलेट बम' बरामद किए हैं। इस मामले में देवाशीष मंडल नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर चंपाहाटी इलाके में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री के साथ चॉकलेट बम बनाने के उपकरण भी जब्त किए गए। जांच में सामने आया है कि इन बमों को स्थानीय इलाके में अवैध रूप से सप्लाई करने की योजना थी। गिरफ्तार आरोपी को बारुईपुर महकमा अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि इस अवैध गतिविधि से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के लिए जांच जारी है।

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 02/City(M) of 2026-27 of The E.E.-I, City Dvn., P.W.D.** for necessary arrangement for tagging and movement of 5 (five) company Central Armed Police Force (CAPF) at Gangasagar Ground in connection with West Bengal Assembly Election 2026 are invited from bonafied decorators having credential for similar urgent nature of works. Bid submission closing date (online) will be on **06.04.2026 at 12.00 hrs. Tender ID: 2026_WBPWD_5013760_1.** Other details may be seen from the web site: **http://tenders.wb.gov.in** & **http://wbpwd.in**

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**खातीपुरा-हावड़ा-खातीपुरा स्पेशल ट्रेन**

गर्मी के मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **09709/09710 खातीपुरा-हावड़ा-खातीपुरा स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सारिणी, ठहराव, यात्रा की तारीख और गठन के अनुसार चलाई जायेंगी :

| खातीपुरा-हावड़ा | | | (09709) (09710) | हावड़ा-खातीपुरा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल | – | 09.30 | ↓ खातीपुरा | 09.00 | – | शुक्र |
| | 14.55 | 15.00 | टूंडला | 02.25 | 02.30 | |
| बुध | 03.43 | 03.53 | पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन | 14.40 | 14.50 | बृहस्पति |
| | 10.55 | 11.00 | आसनसोल | 03.35 | 03.40 | |
| | 12.38 | 12.40 | बर्द्धमान | 01.32 | 01.34 | |
| | 15.40 | – | हावड़ा ↑ | – | 23.55 | बुध |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह आगरा, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, धनबाद, दुर्गापुर एवं बैंडेल स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तारीख/दिन: खातीपुरा से: 09709** दिनांक 07/04, 14/04, 21/04, 28/04, 05/05, 12/05, 19/05, 26/05, 02/06, 09/06, 16/06, 23/06 तथा 30.06.2026 (मंगलवार) को=13 ट्रिप तथा **हावड़ा से: 09710** दिनांक 08/04, 15/04, 22/04, 29/04, 06/05, 13/05, 20/05, 27/05, 03/06, 10/06, 17/06, 24/06 तथा 01.07.2026 (बुधवार) को=13 ट्रिप। **गठन:** वातानुकूलित 2-टियर– 02, वातानुकूलित 3-टियर–03, शयनयान श्रेणी–05, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)– 10 एवं एसएलआरडी–02 = 22 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

### मतदाता सूची से नाम हटने के डर में बुजुर्ग महिला की मौत, कैनिंग में सनसनी

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटने के कथित भय के बीच एक बुजुर्ग महिला की मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान करीब 60 वर्षीय अमित्रि माइती के रूप में हुई है, जो तालदी इलाके की निवासी थीं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एसआईआर की संशोधित सप्लीमेंटरी सूची में उनका नाम 'डिलीटेड' दिखने के बाद वह गहरे मानसिक तनाव में आ गई थीं। बताया जा रहा है कि पहले की मतदाता सूची में उनका नाम शामिल था, लेकिन नई सूची में नाम हटने से वह काफी परेशान थीं।

परिजनों और पड़ोसियों के मुताबिक, वृद्धा अकेले रहती थीं और घरेलू काम करके किसी तरह अपना गुजारा करती थीं। दो बेटियों



की शादी पहले ही हो चुकी थी। नाम हटने के बाद वह लगातार इस चिंता में थीं कि अब उन्हें घर छोड़ना पड़ सकता है। इसी डर के चलते वह आसपास के लोगों के पास जाकर रो–रोकर अपनी व्यथा बता रही थीं।

बताया जा रहा है कि तनाव के कारण उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई और अचानक हृदयाघात से उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद इलाके में शोक और चिंता का माहौल है। हालांकि प्रशासन की ओर से अभी इस मामले में आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है।

## बीरभूम में कब्रिस्तान विवाद, थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल

### पुलिस कर्मियों पर पथराव, 14 लोगों गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले में उपद्रवियों द्वारा पुलिस कर्मियों पर पथराव में एक पुलिस अधिकारी सहित कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कुखुदिही गांव में उपद्रवियों द्वारा पुलिस टीम पर पत्थर और ईंटें फेंकने की घटना में सिउड़ी पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) शैलेंद्र उपाध्याय समेत कई लोग घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, यह विवाद तब शुरू हुआ जब एक कब्रिस्तान के पास निर्माण कार्य में लगी एक अर्थमूवर मशीन ने गलती से मिट्टी से ढकी एक कब्र को खोद दिया, जिससे तनाव पैदा हो गया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद, स्थानीय लोगों के एक समूह ने अर्थमूवर मशीन के चालक को घेर लिया, जिससे एक ही समुदाय के दो समूहों के बीच झड़प हुई।

पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और भीड़ को शांत करने तथा चालक को छुड़ाने का प्रयास किया। हालांकि, भीड़ ने पुलिस दल पर पत्थर और ईंटें फेंकीं, जिससे प्रभारी अधिकारी (ओसी) समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। एसपी सूर्य प्रताप यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी बाद में अतिरिक्त बलों के साथ स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए गांव पहुंचे। एसपी ने कहा कि अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। छापेमारी जारी है और सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झड़प में शामिल दोनों समूह एक ही समुदाय से हैं। पुलिस ने बताया कि इलाके में स्थिति अब नियंत्रण में है, हालांकि एहतियात के तौर पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में आकाशवाणी की ऐतिहासिक भूमिका : योगी आदित्यनाथ



## जरूरतमंद को आवास और बीमार के इलाज की होगी व्यवस्था: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

गोरखपुर (उप्र): उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को 'जनता दर्शन' कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'जनता दर्शन' के दौरान करीब 100 लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर 'जनता दर्शन' में आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को उनकी समस्याओं का समाधान समय पर सुनिश्चित करने, निष्पक्ष तरीके से करने का निर्देश दिया। बयान के मुताबिक उन्होंने पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सिंगापुर के उच्चायुक्त ने की शिष्टाचार भेंट



लखनऊ: भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने बृहस्पतिवार को यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। राज्य सरकार के एक बयान के मुताबिक वोंग ने फरवरी में मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि इस दौरे ने न केवल सिंगापुर, बल्कि आस-पास के देशों के औद्योगिक जगत में भी उत्तर प्रदेश के प्रति सकारात्मक और भरोसेमंद संदेश दिया है। बयान के अनुसार वोंग ने कहा कि औद्योगिक समुदाय उत्तर प्रदेश को एक नए अवसर और संभावनाओं के केंद्र के रूप में देख रहा है, जो भारत-सिंगापुर संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लखनऊ: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आकाशवाणी के लखनऊ केंद्र के 89वें स्थापना दिवस पर समाज को जोड़ने, भाषाई विविधता को बनाए रखने और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में आकाशवाणी की ऐतिहासिक भूमिका की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह में अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि स्मार्टफोन, टेलीविजन और बड़े पैमाने पर टेलीफोन कनेक्टिविटी से रहित उस युग में रेडियो जानकारी और प्रेरणा का मुख्य स्रोत था। उन्होंने कहा, हमने जो पहली आवाज़ सुनी वह आकाशवाणी की थी। इसकी सुबह की सिग्नेचर ट्यून और प्रोग्राम हर घर को जोड़ते थे और समाचार प्रसार में भाषाई शुद्धता और विश्वसनीयता दोनों दिखाते थे। आदित्यनाथ ने कहा, मैंने बचपन से देखा कि समाज को जोड़ने का माध्यम आकाशवाणी बनी, भारत की आस्था को सम्मान देने वाला माध्यम भी आकाशवाणी थी। जब बड़े हुए तो देश-दुनिया में क्या चल रहा है, उसकी जानकारी भी आकाशवाणी से ही मिलती थी। सबसे बड़ी बात उसमे भाषा की शुद्धता भी थी और सत्यता भी। मुख्यमंत्री ने भारत की विभिन्न भाषाओं और बोलियां को आगे बढ़ाने में आकाशवाणी की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदी की उपभाषाओं और बोलियों, जैसे भोजपुरी, अवधी, गढ़वाली और कुमाऊनी को कैसे स्थानीय लोगों को जोड़ने का माध्यम बनाएं और उसको कैसे लोकप्रिय बनाए जाएं, यह भी आकाशवाणी के माध्यम से ही सुनने को देखने को अवसर प्राप्त होता था। उन्होंने कहा कि यह केवल मनोरंजन नहीं था, ज्ञानवर्धन भी था, आस्था का सम्मान भी था और साथ-साथ स्थानीय लोक भाषा, लोक कला के लिए मंच का एक सशक्त माध्यम भी था।

## तेजस्वी को बिहार पर 'अपमानजनक' टिप्पणियों के लिए शर्म आनी चाहिए : चिराग पासवान



पटना: लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें बिहार को गरीब बताने से पहले शर्म आनी चाहिए। तेजस्वी ने केरल में एक कार्यक्रम के दौरान बिहार को गरीब राज्य बताते हुए विकास की चुनौतियों का जिक्र किया था। चिराग ने बृहस्पतिवार को पटना में पत्रकारों से कहा कि जिन लोगों के शासनकाल में बिहार की स्थिति बदहाल हुई, वहीं आज राज्य की गरीबी पर बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को जिस दौर में सबसे अधिक नुकसान हुआ, उस समय की राजनीति और नीतियों को लोग अभी भी याद रखते हैं। पासवान ने कहा कि उस समय हालात ऐसे बन गए थे कि उद्योगपति से लेकर चिकित्सक और अन्य पेशेवर लोग तक राज्य छोड़कर बाहर चले गए थे। उन्होंने कहा कि बिहार को उस स्थिति से बाहर निकालने का काम बाद में हुआ और राज्य ने धीरे-धीरे विकास की दिशा में कदम बढ़ाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो नेता आज बिहार की गरीबी का मुद्दा उठा रहे हैं, उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि राज्य की हालत इतनी खराब क्यों हुई थी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जिम्मेदारी से बचने के लिए केवल बयान देना आसान है लेकिन सच्चाई यह है कि बिहार की छवि को नुकसान पहुंचाने में कुछ राजनीतिक दलों की नीतियों का बड़ा योगदान रहा है। चिराग ने इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव और राजनीतिक योगदान की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद भी नीतीश कुमार के अनुभव और सम्मान को कम करके नहीं आंका जा सकता।

## गौतम अदाणी ने अयोध्या में परिवार के साथ राम मंदिर में पूजा-अर्चना की



अयोध्या (उप्र): अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने बृहस्पतिवार को हनुमान जयंती के दिन अपने परिवार के साथ यहां राम मंदिर में भगवान राम की प्रार्थना की। गौतम अदाणी के साथ उनकी पत्नी प्रीति अदाणी और बेटे करण अदाणी थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा कि अदाणी परिवार ने मंदिर में पवित्र अनुष्ठानों में भाग लिया और प्रार्थना की। गौतम अदाणी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज अयोध्या में हमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन कर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।' उन्होंने कहा,'श्रीराम का जीवन मर्यादा, करुणा और कर्तव्य का प्रतीक है। उनके आदर्श हमें निरंतर धर्म और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।' अदाणी ने कहा,'हनुमान जयंती के पावन अवसर पर इस पवित्र भूमि पर परिवार सहित आकर मन को असीम संतोष मिला। प्रभु श्रीराम और बजरंगबली भारत को एकता, साहस और समृद्धि का आशीर्वाद दें।' गौतम अदाणी ने कहा कि हनुमान जयंती के दिन अयोध्या आना उनके लिए बेहद भावनात्मक और खास अनुभव था। उन्होंने राम मंदिर से लगभग 10 मिनट की दूरी पर स्थित श्री निशुल्क गुरुकुल महाविद्यालय का दौरा किया। इस गुरुकुल की स्थापना 1935 में स्वामी त्यागानंद जी ने की थी। यह संस्था आर्य समाज की परंपरा पर आधारित है, जो वैदिक शिक्षा, समाज सुधार और सर्वशिक्षा पर जोर देती है। गौतम अदाणी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ बातचीत की एवं देखा कि यहां अनुशासन, मूल्य और शिक्षा एक साथ कैसे चलते हैं। उन्होंने कहा,'जब शिक्षा मूल्यों पर आधारित होती है, तो यह केवल व्यक्तियों को आकार नहीं देती, बल्कि यह राष्ट्र के भविष्य को भी आकार देती है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन परंपराओं को आगे बढ़ाएं और आने वाले समय के लिए भी तैयार रहें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया तेजी से कृत्रिम मेधा की ओर बढ़ रही है, भारत की ज्ञान परंपराओं को संरक्षित और मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह की सामाजिक सेवा शाखा, अदाणी फाउंडेशन इस गुरुकुल का समर्थन करेगी और यहां एक कृत्रिम मेधा-आधारित प्रयोगशाला स्थापित करने में मदद करेगी, ताकि परंपरा और प्रौद्योगिकी एक साथ आ सकें। इस गुरुकुल में लगभग 200 विद्यार्थी पढ़ते हैं और यहां शिक्षा पूरी तरह से निःशुल्क है।

## मुरादाबाद में एक इनामी 'शार्पशूटर' मुठभेड़ में मारा गया



मुरादाबाद (उप्र): उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और मुरादाबाद पुलिस के संयुक्त अभियान में बुधवार देर रात एक 'शार्पशूटर' मारा गया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि हापुड़ जिले के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के मीरपुर कलां गांव का आशु उर्फ मोंटी सिविल लाइंस इलाके में मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया , जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने कहा कि आशु हत्या की कोशिश और मुरादाबाद के एक कारोबारी से कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में वांछित था एवं उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, आशु का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई जिलों में हत्या, हत्या की कोशिश और डकैती समेत कई जघन्य मामलों के लगभग 36 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस ने घटनास्थल से एक कार, .32 बोर की एक पिस्तौल, .32 बोर की एक रिवोल्वर और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए हैं।

## डॉक्टर ने फोन पर निर्देश देकर कराया प्रसव, जच्चा-बच्चे की हुई मौत, अस्पताल सील किया गया

अयोध्या (उप्र): अयोध्या के एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराये जाने के बाद कथित चिकित्सीय लापरवाही के कारण 32 वर्षीय एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई । अधिकारियों एवं परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। महिला के परिवार के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रसव के दौरान डॉक्टर अस्पताल में नहीं था और उसने फोन पर ही सारे दिशानिर्देश कर्मचारियों को दिये। फैजाबाद शहर में मंगलवार देर रात हुई घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित अस्पताल को सील कर दिया और जांच शुरू कर दी। बेनीगंज के सुरेश यादव ने बताया कि उनकी पत्नी सोनी यादव को प्रसव पीड़ा होने पर मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा कि इलाज कर रही डॉक्टर अंजलि श्रीवास्तव ने शुरू में उन्हें बताया था कि उनकी हालत सामान्य है। परिवार के अनुसार, प्रसव के समय डॉक्टर मौजूद नहीं थी और प्रसव प्रक्रिया एक महिला कर्मचारी द्वारा की गई । सुरेश यादव ने कहा कि प्रसव के दौरान उस महिला कर्मचारी को डॉक्टर फोन पर निर्देश दे रही थी। उन्होंने आरोप लगाया, 'लगभग आधे घंटे के बाद, कर्मचारियों ने बच्चे को सौंप दिया और कहा कि वह सांस नहीं ले रहा है। जब हम नवजात को पास के एक डॉक्टर के पास ले गए, तो उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## बिहार: पश्चिम चंपारण में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत

बेतिया: बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में बृहस्पतिवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा जिले के सिकटा थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान जिले के कंगली थाना क्षेत्र के निवासी फैयाज और उसके पुत्र रेयाज के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसके नेपाल का निवासी होने की आशंका है। नरकटियागंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) जय प्रकाश सिंह ने बताया, शाम करीब सवा चार बजे विपरीत दिशाओं से आ रही दो मोटरसाइकिलों की सिकटा थाना क्षेत्र में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे चार लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को जीएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई।

# उत्तर प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही हनुमान जयंती



लखनऊ/वाराणसी: हनुमान जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लखनऊ में अलीगंज के हनुमान मंदिरों और हनुमान सेतु पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। हनुमान जयंती के अवसर पर समूचे वाराणसी में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किये जा रहे हैं। वाराणसी के प्रसिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत ने कहा कि हनुमान जयंती से मंदिर में 10 दिवसीय उत्सव शुरू हुआ है। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर, भगवान हनुमान को समर्पित विशेष श्रृंगार (श्रृंगार), झांकी, आरती और अनुष्ठान किए गए। महंत ने कहा कि सुबह शहनाई वादन, ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, रामचरितमानस का पाठ, सीता-राम संकीर्तन और सुंदरकांड का पाठ किया गया तथा रात भर भजन-कीर्तन होगा। उन्होंने कहा कि तीन से पांच अप्रैल तक रामायण सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें काशी और देश के अन्य हिस्सों के जाने-माने विद्वान रोजाना शाम पांच बजे से प्रवचन देंगे। इस बीच, शहर के भिखारी पुर इलाके से भक्तों द्वारा एक विशाल ध्वज यात्रा निकाली जा रही है। 'श्री हनुमत सेवा समिति' के अध्यक्ष राम बली मौर्य ने कहा कि इस शोभायात्रा को पूर्वांचल क्षेत्र में सबसे विशाल शोभायात्राओं में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा कि सात राज्यों की झांकियां इस शोभायात्रा का हिस्सा हैं और इस आयोजन के लिए लगभग एक लाख झंडे तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई भक्त नंगे पैर चलकर संकट मोचन मंदिर में झंडा ले जाएंगे और उन्हें हनुमानजी को चढ़ाएंगे। अयोध्या से प्राप्त समाचार के अनुसार वहां भी इस अवसर पर सुबह से ही हनुमान गढ़ी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। करीब दो लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए लाइन में लगे हैं। हनुमानगढ़ी से लेकर राम मंदिर तक भक्तों की लंबी कतारें नजर आयीं। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। भक्तों के लिए सुचारू और व्यवस्थित दर्शन की सुविधा के लिए विभिन्न बिंदुओं पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर राम मंदिर परिसर में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना की गई। विनय कटियार, जयभान सिंह पवैया समेत बजरंग दल के कई पदाधिकारी राम मंदिर में हुए अनुष्ठान में शामिल हुए।

### अंतरराज्यीय अवैध हथियार आपूर्ति गिरोह का भंडाफोड़, चार लोग गिरफ्तार: पंजाब पुलिस

चंडीगढ़: पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार आपूर्ति गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पटियाला पुलिस ने 10 अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी बिहार से देसी हथियार मंगवा रहे थे और उन्हें पंजाब में आपराधिक गतिविधियों के लिए इनकी आपूर्ति कर रहे थे। यादव ने 'एक्स' पर बताया कि आगे की जांच से गिरोहों की प्रतिद्वंद्विता का पता चला, साथ ही गोल्डी ढिल्लों नेटवर्क से जुड़े एक प्रतिद्वंद्वी अपराधी को निशाना बनाकर इलाके में अपना दबदबा कायम करने की साजिश रची गई थी। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए आगे की जांच जारी है।

### ट्यूबवेल के खुले गड्ढे में गिरने से हुई 10 वर्षीय एक बालक की मौत

बागपत (उप्र): बागपत जिले के बड़ौत नगर में ट्यूबवेल के खुले गड्ढे में गिरने से 10 वर्षीय एक बालक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध जताया है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बड़का रोड क्षेत्र में बुधवार शाम हुई। मृत लड़के के परिजनों ने बृहस्पतिवार को बताया इरशाद (10) खेलते समय ट्यूबवेल के गहरे गड्ढे में गिर गया जिसके बाद लोगों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

### उत्तर प्रदेश के मऊ में मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति ने पिता की पीट-पीटकर हत्या की

मऊ (उत्तर प्रदेश): मऊ जिले में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति ने अपने पिता की कथित तौर पर लाठी से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना घोसी क्षेत्र के अंतर्गत इंदरपुर गांव में हुई। आरोपी की पहचान हरिकेश के रूप में हुई है, जिसने सुबह करीब चार बजे घर पर अपने पिता बसाऊ (50) पर हमला किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर बताया जा रहा है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का दौरा कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### जयपुर में पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर: जयपुर में बृहस्पतिवार को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली लेकिन गहन तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि झलाना इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल भेजा गया था। उसने कहा कि ई-मेल में दावा किया गया था कि कार्यालय परिसर में बम लगाकर विस्फोट किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इससे पहले भी अदालतों, स्कूलों, पासपोर्ट सेवा केंद्रों और डाकघरों सहित कई स्थानों और कार्यालयों को ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं। लेकिन सभी धमकियां झूठी साबित हुईं।

### मदरसा आधुनिकीकरण योजना के शिक्षकों को मिल सकती है राहत, समायोजन की कार्ययोजना बनाने के आदेश

लखनऊ: उत्तर प्रदेश में करीब 26 महीने पहले 'मदरसा आधुनिकीकरण योजना' बंद होने से बेरोजगार हुए लगभग 22 हजार शिक्षकों को राहत मिल सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन शिक्षकों के 'समायोजन' के रास्ते तलाशने के लिये एक कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मंगलवार को यह कार्ययोजना बनाने के आदेश दिये हैं ताकि मदरसा आधुनिकीकरण योजना के शिक्षकों को राहत मिल सके। अंसारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वर्ष 2023-24 में मदरसा आधुनिकीकरण योजना बंद होने से इसके तहत तैनात किये गये शिक्षकों के रोजगार पर संकट आया है।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड में चार अप्रैल से आंधी और बारिश की संभावना: आईएमडी

रांची: झारखंड के 14 जिलों में चार अप्रैल से गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग ने बृहस्पतिवार को एक बुलेटिन में कहा कि चार और पांच अप्रैल को कुछ जिलों में ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। इसमें कहा गया है, झारखंड के उत्तर-पश्चिमी और मध्य भागों में चार और पांच अप्रैल को गरज, बिजली, ओलावृष्टि और 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि तूफान से प्रभावित होने वाले जिले गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, रांची, खूंटी, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो और गुमला हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तेज हवाओं से खड़ी फसलों को नुकसान हो सकता है। हालांकि, बुलेटिन में कहा गया है कि राज्य के उत्तरपूर्वी और दक्षिणपूर्वी हिस्सों में दो से चार अप्रैल तक गर्म और उमस भरा मौसम रह सकता है। बुधवार शाम 5:30 बजे तक राज्य में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

### बिहार के मुख्य सचिव ने एलपीजी और पेट्रोल-डीजल आपूर्ति की समीक्षा की

पटना: बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बृहस्पतिवार को सभी जिलों के प्रभारी सचिवों और प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ एलपीजी आपूर्ति और पेट्रोल-डीजल की स्थिति की व्यापक समीक्षा की और तेल कंपनियों को 'मिशन मोड' में कार्य करने का निर्देश दिया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, बैठक में प्रमुख तेल कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रभारी सचिवों और आयुक्तों ने 31 मार्च और एक अप्रैल को अपने-अपने जिलों का सघन निरीक्षण किया था, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सभी जिलों में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में 'पैनिक बुकिंग' के कारण आपूर्ति में देरी की स्थिति उत्पन्न हुई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आपूर्ति सुचारू है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। मुख्य सचिव ने उन शिकायतों को गंभीरता से लिया, जिनमें उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त हुए बिना ही 'डिलीवरी' का संदेश मिलने की बात सामने आई है। उन्होंने तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों को इस तकनीकी त्रुटि को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया।

### झारखंड के रांची में 45 फुट गहरे कुएं में गिरे हाथी को बचाया गया

रांची: झारखंड के रांची जिले में 45 फुट गहरे कुएं में गिरे एक हाथी को बृहस्पतिवार को तीन घंटे के अभियान के बाद बचा लिया गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह चार हाथियों के झुंड का हिस्सा था और बंडू वन क्षेत्र के सरयाद गांव में रात करीब एक बजे कुएं में गिर गया। सोनाहातु के वन प्रभारी सुप्रियन टूटी ने 'पीटीआई भाषा' को बताया, हमें सुबह करीब पांच बजे घटना की सूचना मिली। बचाव दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। लेकिन कुएं के मालिक की कुछ आपत्तियों के कारण बचाव अभियान सुबह आठ बजे शुरू हुआ। टूटी ने बताया, कुएं में 15 फुट तक पानी भरा गया और मिट्टी हटाने वाली मशीन की मदद से एक रास्ता बनाया गया। सुबह करीब 11 बजे हाथी को कुएं से बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि उसे रांची के तामार ब्लॉक में हाथियों के उसके झुंड से मिला दिया गया।

### राजस्थान के पुलिसकर्मियों को समय पर मिलेगी पदोन्नति: पुलिस महानिदेशक

जयपुर: राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पुलिसकर्मियों को समय पर पदोन्नति मिलेगी और उनके लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे। बीकानेर रेंज के दौरे के दौरान शर्मा ने पुलिस लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया और नव निर्मित बैरक का उद्घाटन किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से उनकी शिकायतें भी सुनीं। उन्होंने विभिन्न इकाइयों और भोजनालय सुविधाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को पौष्टिक भोजन और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि कार्यप्रणाली प्रभावी हो सके। पुलिस महानिदेशक ने 'क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स प्रशिक्षण केंद्र' का निरीक्षण किया और 'स्मार्ट' एवं 'हाईटेक पुलिसिंग' को मजबूत करने के लिए क्षमता निर्माण पर जोर दिया।

## नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी मिलेगी जेड प्लस सुरक्षा



पटना: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। गृह विभाग की अनुशंसा पर इस संबंध में 30 मार्च को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने आदेश जारी किया है। विभाग की ओर से भेजे गए पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नीतीश कुमार को बिहार विशेष सुरक्षा अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षा दी जाएगी। गृह विभाग द्वारा जारी पत्र में नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने का भी उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई और उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में नीतीश कुमार को विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) की सुरक्षा प्राप्त है। पद छोड़ने के बाद भी यह सुरक्षा घेरा बरकरार रहेगा और इसके साथ केंद्र स्तर की जेड प्लस सुरक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनका सुरक्षा कवच और मजबूत होगा। यह व्यवस्था राजनीतिक परिवर्तनों के बीच नीतीश कुमार की सुरक्षा को लेकर उठ रही चिंताओं के मद्देनजर की गई है। जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को दी जाती है, जिसमें एनएसजी, सीआरपीएफ और अन्य केंद्रीय बलों के प्रशिक्षित कमांडो शामिल होते हैं।

## पति के तलाक देने की तिथि से तलाक प्रभावी: उच्च न्यायालय



प्रयागराज (उप्र): इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि मोहम्मदिया कानून के तहत पति जिस तिथि को तलाक देता है, उसी तिथि से तलाक प्रभावी हो जाता है और बाद में अदालत द्वारा तलाक की पुष्टि, महज घोषणात्मक प्रकृति की होती है। न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि अदालत का इस तरह का आदेश, निर्णय की तिथि से तलाक को प्रभावी नहीं बनाता, बल्कि इसका संबंध तलाक देने की मूल तिथि से होता है। अदालत ने उक्त टिप्पणी हुमैरा रियाज नामक एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। महिला ने प्रयागराज की परिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती दी थी । पारिवारिक अदालत ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत दाखिल महिला का आवेदन खारिज कर दिया था। महिला ने अपने पति से गुजारा भत्ता की मांग करते हुए यह आवेदन दाखिल किया था। उच्च न्यायालय ने 10 मार्च को अपने निर्णय में महिला की याचिका स्वीकार कर ली और परिवारिक अदालत के गुजारा भत्ता देने से मना करने के आदेश को खारिज कर दिया। अब इस मामले पर नए सिरे से निर्णय करने के लिए इसे वापस परिवारिक अदालत के पास भेज दिया गया है। महिला ने याचिका दायर करते हुए दलील दी थी कि उसके पहले पति ने 27 फरवरी, 2005 को तलाक दिया था और इस संबंध में घोषणा के लिए वाद दायर किया गया । दीवानी अदालत ने आठ जनवरी, 2013 को आदेश जारी कर 2005 में दिए गए तलाक को वैध घोषित किया। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि घोषणात्मक आदेश लंबित रहने के दौरान, लेकिन इद्दत की मियाद पूरी होने के बाद महिला ने मई, 2012 में दूसरी शादी कर ली।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधानों के कारण क्षेत्र में ऊर्जा अस्थिरता उत्पन्न हुई है: नौसेना प्रमुख

**मुंबई :** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल डी के त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के कारण क्षेत्र में गंभीर आर्थिक प्रभाव और ऊर्जा अस्थिरता उत्पन्न हुई है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि समुद्री प्रतिस्पर्धा अब केवल तेल और ऊर्जा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका दायरा उन संसाधनों तक फैल रहा है जो भविष्य के विकास को आकार देंगे। पश्चिम एशिया संकट 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हमले के बाद शुरू हुआ। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसकी नाकेबंदी ने बड़े स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर दिया है।

## जन विश्वास विधेयक को मिली संसद की मंजूरी

**नयी दिल्ली :** देश के कारोबारी माहौल को और बेहतर बनाने के लिए छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और उन्हें तर्कसंगत बनाने के वास्ते 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव करने वाले जन विश्वास विधेयक को बृहस्पतिवार को संसद की मंजूरी मिल गई। राज्यसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा जवाब देने के बाद 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2026' को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। लोकसभा में यह विधेयक एक दिन पहले पारित हुआ था।

## गुजरात के नवसारी में 3.4 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**अहमदाबाद :** दक्षिण गुजरात के नवसारी जिले में बृहस्पतिवार सुबह 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी। गांधीनगर स्थित इस संस्थान ने बताया कि भूकंप सुबह पांच बजकर 27 मिनट पर आया और इसका केंद्र वांसदा से 22 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में स्थित था। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी के हताहत होने की कोई खबर है। गुजरात भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है तथा गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले 200 वर्षों में यहां नौ बड़े भूकंप आ चुके हैं। जीएसडीएमए के अनुसार, 2001 का कच्छ भूकंप पिछली दो शताब्दियों में भारत में आया तीसरा सबसे बड़ा और दूसरा सबसे विनाशकारी भूकंप था।

## धार्मिक शोभायात्रा के लिए केरल हवाई अड्डे पर पांच घंटे के लिए उड़ानें रोकी गईं

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के पवित्र 'पैंकुनी अरट्टू' यात्रा के लिए रास्ता बनाने के उद्देश्य से यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान सेवाएं बृहस्पतिवार दोपहर लगभग पांच घंटे के लिए निलंबित कर दी गईं। तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (टीआईएएल) ने यह जानकारी दी। हवाई सेवाएं शाम चार बजकर करीब 45 मिनट पर रोक दी गईं और शोभा यात्रा के मंदिर लौटने के बाद रात नौ बजे फिर से शुरू हुईं। तीर्थस्थल की सदियों पुरानी औपचारिक शोभायात्रा को रनवे से गुजरने देने के लिए दशकों से हर साल हवाई अड्डे का परिचालन प्रतिवर्ष दो बार रोकना पड़ता है और उड़ानों का समय बदलना पड़ता है।

## बिहार: बाढ़ से बचाव के लिए 1,117 करोड़ रुपये की 384 योजनाओं को मंजूरी

**पटना :** बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की 66वीं बैठक में 1,117.27 करोड़ रुपये की 384 बाढ़ सुरक्षात्मक योजनाओं को मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, इस बैठक में 30 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली पांच प्रमुख योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इन योजनाओं पर कुल 340.17 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि एक योजना दरभंगा स्थित एम्स के आस-पास जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए रिंग बांध निर्माण से संबंधित है।

# कांग्रेस, वाम दल समाज को बांटने के लिए सांप्रदायिक एजेंडा फैला रहे हैं: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस और वाम दलों पर निशाना साधते हुए उन पर समाज को बांटने और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए कट्टरपंथी ताकतों के साथ हाथ मिलाने का आरोप लगाया। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी गांधीवादी विचारधारा को त्याग दिया है और वह माओवादी मुस्लिम लीग कांग्रेस बन गई है। उन्होंने कहा,



संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अपने एजेंडे के अनुसार समाज को बांटने के लिए कट्टरपंथी ताकतों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वे भगवान अयप्पा के भक्तों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं? एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ही वहां (मंदिर) लगे सोने के मामले में बेईमान आचरण अपना रहे हैं। वे सहकारी बैंकों में आपकी मेहनत की कमाई को भी लूट रहे हैं। जनता इन सभी चीजों को करीब से देख रही है। मोदी ने दावा किया कि जहां उनकी सरकार देश को मजबूत करने के लिए काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस वैश्विक मंच पर भारत की नकारात्मक छवि बना रही है और उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, केरल के लोग दुनियाभर के कई देशों में रहते और काम करते हैं। हालांकि, कांग्रेस ऐसे बयान दे रही है, जिससे वे लोग स्वाभाविक रूप से नाराज हो सकते हैं। नतीजतन, विदेश में रहने वाले केरलवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मोदी ने कहा, कांग्रेस अपने राजनीतिक हितों के लिए लगातार गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रही है, जिससे हमारे लोगों की सुरक्षा और भलाई खतरे में पड़ रही है।

## राज्यसभा की बैठक 16 अप्रैल तक के लिए स्थगित, सरकार ने महत्वपूर्ण विधेयक लाने का दिया संकेत

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा की बैठक बृहस्पतिवार को 16 अप्रैल पूर्वाह्न 11 बजे के लिए स्थगित की गयी तथा उच्च सदन में सरकार की ओर से संकेत दिया गया कि वह कोई 'महत्वपूर्ण विधेयक' लाने वाली है। संसद के बजट सत्र के पूर्व-घोषित कार्यक्रम के अनुसार बैठक को आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया जाना था किंतु उपसभापति हरिवंश ने आज बैठक को 16 अप्रैल पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित किया। उच्च सदन में आज आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक तथा जन विश्वास संशोधन विधेयक पर चर्चा कर उन्हें पारित किया गया। इसके बाद सदन में सदस्यों ने लोक महत्व के विभिन्न मुद्दे विशेष उल्लेख के तहत उठाये और फिर सदन को 16 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



## संसद का बजट सत्र बढ़ा, 16 अप्रैल को होगी अगली बैठक

महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए बृहस्पतिवार को संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया और अब लोकसभा तथा राज्यसभा की अगली बैठक 16 अप्रैल को होगी। सूत्रों ने बताया कि दोनों सदनों की तीन दिवसीय बैठक 16 से 18 अप्रैल के बीच हो सकती है। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, संसद का वर्तमान बजट सत्र बृहस्पतिवार को ही संपन्न होना था। सूत्रों के अनुसार, सरकार वर्तमान बजट सत्र में अगले तीन दिनों की कार्यवाही के दौरान महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक ला सकती है।

## जम्मू-कश्मीर: 34 आईपीएस समेत 82 पुलिस अधिकारियों के तबादले

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 34 अफसरों समेत कुल 82 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया। इस फेरबदल के तहत अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) और अपराध शाखा को नए पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) मिले हैं। प्रधान सचिव चंद्राकर भारती द्वारा जारी एक सरकारी आदेश के अनुसार, सिन्हा ने प्रशासन के हित में पुलिस अधिकारियों के तबादले और नियुक्तियों का आदेश दिया। इस फेरबदल के तहत 15 उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और कई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) तथा पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को नयी तैनाती प्रदान की गई है। मुख्य फेरबदल में डीआईजी तेजिंदर सिंह को सीआईडी का आईजीपी बनाया गया है, जबकि डीआईजी उधमपुर-रियासी परिक्षेत्र सारा रिज़वी को स्थानांतरित कर अपराध शाखा के आईजीपी के पद पर तैनात किया गया है। आईजीपी अपराध शाखा का अतिरिक्त प्रभार सुजीत कुमार के पास था। डोडा-किश्तवाड़-रामबन परिक्षेत्र (रेंज) के डीआइजी को स्थानांतरित कर जम्मू-सांबा-कठुआ परिक्षेत्र का डीआइजी नियुक्त किया गया है, वह शिव कुमार शर्मा का स्थान लेंगे जिन्हें उधमपुर-रियासी रेंज में स्थानांतरित किया गया है।

## राहुल ने असम चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया, छह समुदायों को एसटी दर्जा देने का वादा

**बोकाजन (असम) :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें छह मूल निवासी समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जा देने का वादा किया गया है। साथ ही शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यहां एक चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें भ्रष्टाचार-रोधी आयोग बनाने, कॉरपोरेट घरानों को आवंटित बड़े भूखडों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने और सभी पुलिसकर्मियों को अनिवार्य साप्ताहिक अवकाश देने का भी वादा किया गया है। 'राइजोर इस्तहार' शीर्षक वाले



घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की यात्रा के दौरान 29 मार्च को 'पांच गारंटी' जारी की थीं। असम विधानसभा की 126 सीट के लिए मतदान नौ अप्रैल को होगा और मतगणना चार मई को होगी। कांग्रेस के घोषणापत्र में वादा किया गया है कि सत्ता में आने पर चाय बागानों में काम करने वाले जनजाति समुदाय और पांच अन्य समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिया जाएगा।

## पहली डिजिटल जनगणना में जिनके पास फोन नहीं, उनका भी ध्यान रखा जाए : पीएफआई

**नयी दिल्ली :** पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने जनगणना के डिजिटलीकरण का बुधवार को स्वागत किया, लेकिन साथ ही कहा कि इसमें उन लोगों का ध्यान रखा जाना चाहिए जिनके पास फोन नहीं है। जनसंख्या संबंधी क्षेत्र में काम करने वाले इस गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने देश की पहली डिजिटल जनगणना के लिए एक समावेशी और सुरक्षित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इसे सटीकता व समानता को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए। देश की 16वीं जनगणना का पहला चरण एक अप्रैल को दिल्ली और कुछ राज्यों में शुरू हुआ। संगठन ने जनगणना के पहले चरण की शुरुआत का स्वागत किया। पीएफआई की कार्यकारी निदेशक पूनम मुटरेजा ने कहा, डिजिटलीकरण एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन सभी लोगों के पास डिजिटल उपकरणों तक समान पहुंच नहीं है। उन्होंने कहा, स्वयं गणना मोबाइल की उपलब्धता, कनेक्टिविटी और डिजिटल साक्षरता पर निर्भर करती है।

## कुख्यात अपराधी के घर के गुप्त कमरे से आग्नेयास्त्र, नकली नोट, तलवारें और गोलियां बरामद

**ठाणे :** ठाणे जिले के डोंबिवली में एक कुख्यात अपराधी के घर पर छापेमारी के बाद पिस्तौल और रिवॉल्वर सहित आग्नेयास्त्र, चाकू व तलवार जैसे हथियार और साथ ही 3.52 लाख रुपये के नकली भारतीय नोट (एफआईसीएन) बरामद किए गए। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमरसिंह जाधव ने पत्रकारों को बताया कि दावड़ी में कई आपराधिक मामलों में शामिल निर्माण व्यवसायी सुरेंद्र पांडुरंग पाटिल (55) के घर पर 30 मार्च को एक सूचना के बाद छापा मारा गया। जाधव ने बताया, कल्याण की अपराध शाखा इकाई तीन ने घर की आलमारी के जरिए प्रवेश वाले एक गुप्त शयनकक्ष से आग्नेयास्त्र, गोलियां, तलवारें, चाकू और नकली नोट बरामद किए। बरामदगी में तीन देसी पिस्तौल, एक रिवॉल्वर, दो एयर गन और 405 कारतूस शामिल हैं। डीसीपी ने बताया कि बाद में की गई तलाशी में 167 छर्रे, सात देसी चाकू, तलवारें, हंसिया, एक लोहे की तलवार और एक बटन चाकू के साथ-साथ 3.52 लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुए।

## पाकिस्तान की किसी भी 'दुस्साहसिक' हरकत पर अभूतपूर्व कार्रवाई की जाएगी: राजनाथ

**तिरुवनंतपुरम :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा हालात में पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की ''दुस्साहसिक हरकत'' का जवाब ''अभूतपूर्व और निर्णायक'' कार्रवाई से दिया जाएगा। चुनावी राज्य केरल में सैनिक सम्मान सम्मेलन में सिंह ने कहा कि अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद, भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को 22



मिनट के भीतर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और यह आतंकवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान था। सिंह ने कहा, ''मैं आपको बताना चाहता हूं कि अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर पाकिस्तान ने दोबारा ऐसी घिनौनी हरकतें कीं, तो हमारी सेना उन्हें ऐसा मुंहतोड़ जवाब देगी, जिसे वे कभी नहीं भूलेंगे। इस बार जो होगा वह अभूतपूर्व होगा।'' सिंह ने कहा कि मौजूदा हालात में ''हमारा पड़ोसी (पाकिस्तान) कोई भी दुस्साहस कर सकता है।'' उन्होंने कहा, ''अगर वह ऐसा करता है, तो जैसा मैंने आपको बताया, भारत की कार्रवाई अभूतपूर्व और निर्णायक होगी।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई है और सरकार के रवैये और कार्यप्रणाली में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यह बात 'ऑपरेशन सिंदूर' से स्पष्ट है।

## रामायण: भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर की पहली झलक सामने आई

**मुंबई :** भारतीय सिनेमा के इतिहास की सर्वाधिक महत्वकांक्षी परियोजनाओं में से एक फिल्म 'रामायण' से बृहस्पतिवार को पर्दा उठाते हुए भगवान राम के



रूप में अभिनेता रणबीर कपूर की पहली झलक पेश की गई। नमित मल्होत्रा द्वारा निर्मित इस फिल्म का हनुमान जयंती के अवसर पर 'राम' शीर्षक से दो मिनट 38 सेकेंड का एक 'टीजर' जारी किया गया जिसमें दर्शकों के समक्ष भगवान राम की दुनिया की पहली झलक प्रस्तुत की गई है। इसमें युद्धभूमि से लेकर भव्य महलों और घने जंगलों तक के दृश्य शामिल हैं, जबकि रणबीर कपूर अयोध्या के राजा और योद्धा के रूप में भारी स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित राजसी परिधान में नजर आते हैं। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और इसके निर्माण में सात साल लगे। तिवारी को 'दंगल' और 'छिछोरे' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। निर्देशक ने कहा, इस मुकाम तक पहुंचने में मुझे निजी तौर पर सात वर्ष लगे हैं। फिल्म निर्माण एक अनिश्चित और एकाकी प्रक्रिया होती है। इन सात वर्षों का हर पल मैंने यह कल्पना करते हुए बिताया है कि जब यह (फिल्म) सामने आएगी तो दर्शकों की प्रतिक्रिया कैसी होगी।

## भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद विवाद : मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय छह अप्रैल से नियमित सुनवाई करेगा

**इंदौर :** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह धार के भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर के धार्मिक स्वरूप को लेकर जारी विवाद से जुड़े मामलों में छह अप्रैल से नियमित सुनवाई करेगी और सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सिलसिलेवार तौर पर सुनेगी। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष संभवतः 11वीं सदी के इस परिसर को कमाल मौला मस्जिद बताता है।

## हनी सिंह और बादशाह के 'अश्लील' गीत को ऑनलाइन मंचों से हटाने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को रैपर यो यो हनी सिंह और बादशाह द्वारा कथित तौर पर 2006 में रिलीज एक ''अश्लील और अपमानजनक'' गीत पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह गीत



शिष्टता के न्यूनतम मानकों की भी पूरी तरह से अवहेलना करता है और इसे ऑनलाइन मंचों से हटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि इस गीत ने अदालत की ''अंतरात्मा पूरी तरह से झकझोर'' दी है और कानून के शासन द्वारा शासित समाज में कलात्मक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में नाबालिगों की पहुंच वाले मंचों पर ऐसे गीत का प्रसार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति कौरव ने कहा कि उन्होंने अपने कक्ष में वह गीत सुना और पाया कि उसमें कोई कलात्मक या सामाजिक मूल्य नहीं है, और यह महिलाओं को उपहास का पात्र बनाता है।

## भाजपा किसी धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं, विविधता में एकता ही हमारी विशेषता : गडकरी

**गुवाहाटी :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा किसी भी जाति, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है और विविधता में एकता ही हमारी विशेषता है। असम के पलाशबाड़ी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशिष्ट धर्म के लोगों को मतदान का अधिकार देने में दी गई छूट संविधान के मार्गदर्शन के अनुसार है। गडकरी ने कहा, भाजपा किसी जाति, क्षेत्र, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है। विविधता में एकता ही हमारा मूलमंत्र है। लेकिन जो विदेशी नागरिक आते हैं, क्या उन्हें मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए? फिर आप सबका क्या होगा? भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि संविधान इस संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करता है क्योंकि सिख, हिंदू, बौद्ध, जैन निर्वासित हैं और उनका कोई दूसरा देश नहीं है। वह स्पष्ट रूप से संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए)



के तहत पड़ोसी देशों से उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों को दी गई नागरिकता का जिक्र कर रहे थे। गडकरी ने कहा कि मतदान का अधिकार हालांकि अन्य विदेशियों को नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले एक दशक में असम को पूरी तरह से बदल दिया है, और सत्ता में वापस आने पर और भी तेज प्रगति का वादा किया।

## रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री देनिस मांतुरोव ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और निवेश, ऊर्जा और औद्योगिक सहयोग के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दो दिन की भारत यात्रा पर आए मांतुरोव ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए दिसंबर 2025 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा को याद किया। उन्होंने भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामों के क्रियान्वयन की दिशा में दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे निरंतर



प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह उनके साथ निरंतर संवाद और विचार-विमर्श को लेकर उत्सुक हैं। मांतुरोव और डोभाल के बीच बैठक में दोनों ने आपसी रक्षा सहयोग के साथ-साथ बदलती क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर भी चर्चा की।

# भाजपा असम के मूल निवासी मुसलमानों के नहीं बल्कि घुसपैठियों के खिलाफ है: शाह

**कलियाबोर (असम) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि भाजपा असम के मूल निवासी मुसलमानों के खिलाफ नहीं है और वह केवल घुसपैठियों के खिलाफ है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में राज्य में अवैध प्रवास को बढ़ावा दिया गया। यहां असम गण परिषद (एजीपी) के केशव महंत के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और एजीपी का गठबंधन सूरज और चंद्रमा की तरह है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि वह यह सपना देखना बंद करें कि यह साझेदारी खत्म हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि



कांग्रेस ने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को घुसपैठियों के हवाले कर दिया, जिन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण किया और एक सींग वाले गैंडों को खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा, राजग सरकार ने अतिक्रमणकारियों को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि काजीरंगा एक बार फिर विश्व पर्यटन मानचित्र पर आए। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि जब अतिक्रमित जमीन से घुसपैठियों को हटाया जाता है, तो कांग्रेस इसे धार्मिक राजनीति के रूप में पेश करने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने घुसपैठियों को बसाया, और जब उन्हें हटाया जाता है, तो पार्टी इसे हिंदू-मुस्लिम मुद्दा बनाने की कोशिश करती है। मैं साफ करना चाहता हूं कि भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ है और असम के मूल मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। शाह ने यह टिप्पणी विपक्षी पार्टियों के इन आरोपों के बाद की है कि भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले असम के लोगों को धर्म के आधार पर बांट रही है। शाह ने आरोप लगाया कि असम में अपने 15 साल के शासन के दौरान कांग्रेस ने राज्य के विकास के लिए कुछ नहीं किया। शाह ने राज्य के दौरे पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा, कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान राज्य के लिए क्या किया?

# आरेडिका ने रचा इतिहास, 2025-26 में सर्वाधिक 2126 कोचों का उत्पादन

**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2126 कोचों का उत्पादन कर अब तक का सर्वाधिक उत्पादन का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। कोविड-19 के बाद से आरेडिका लगातार उत्पादन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2025 कोचों के उत्पादन के मुकाबले इस वर्ष 5 प्रतिशत अधिक कोच बनाए गए। इस उपलब्धि के साथ कारखाने ने अपनी उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इस वर्ष की एक बड़ी खासियत यह रही कि आरेडिका ने पहली बार 'वंदेभारत' ट्रेन के रेक का निर्माण पूरा किया है। एक रेक फिलहाल परीक्षण चरण में है, जिसे जल्द ही परिचालन के लिए क्षेत्रीय रेलवे को सौंपा जाएगा। उत्पादित 2126 कोचों में वंदेभारत, मेमू, दीनदयालु, स्लीपर, तीन-स्तरीय इकोनॉमिक, वातानुकूलित तीन-स्तरीय, जनरल चेयर कार, पावर कार, दो-स्तरीय, दिव्यांगजन कोच, तेजस, पार्सल वैन और एसी चेयरकार सहित विभिन्न प्रकार के कोच शामिल हैं। इसके अलावा, इस वित्तीय वर्ष में 2168 कोच सेट बोगी, 2205 कोच सेल असेम्बली और 2182 व्हील सेट का भी निर्माण किया गया, जो अब तक का सर्वाधिक है।

**पहियों के उत्पादन में भी नया कीर्तिमान**

आरेडिका ने वित्त वर्ष 2025-26 में 62,938 फोर्ज्ड व्हीलों का रिकॉर्ड उत्पादन किया, जो निर्धारित 50,000 के लक्ष्य से काफी अधिक है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 54 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं 59,161 फिनिश्ड पहियों का उत्पादन हुआ, जो बीते वर्ष से 77 प्रतिशत अधिक है। रेल मंत्रालय द्वारा फोर्ज्ड व्हील प्लांट के अधिग्रहण के बाद उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 60,000 पहियों के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**टीमवर्क से मिली सफलता: महाप्रबंधक**

इस उपलब्धि पर आरेडिका के महाप्रबंधक विवेक खरे ने कहा कि यह सफलता टीम एमसीएफ के समर्पण और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियनों और संविदा कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे।

## अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रस्थान क्षेत्र में विदेशी मुद्रा काउंटर पर रुपये को बदलने की अनुमति

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को निवासियों और प्रवासियों दोनों को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रस्थान हॉल में विदेशी मुद्रा विनिमय काउंटर पर भारतीय रुपये के नोट बदलने की अनुमति दे दी। पहले, ऐसे विदेशी मुद्रा विनिमय काउंटर को केवल प्रवासियों से भारतीय रुपये खरीदने और उन्हें विदेशी मुद्रा बेचने की अनुमति थी। आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा, ''समीक्षा के बाद, प्रवासियों के साथ निवासियों को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रस्थान हॉल में आव्रजन या सीमा शुल्क डेस्क के आगे ड्यूटी-फ्री क्षेत्र या सुरक्षा क्षेत्र में स्थापित विदेशी मुद्रा विनिमय काउंटरों पर भारतीय रुपये के नोट बदलने की अनुमति देने का निर्णय किया गया है।'

## प.एशिया संकट के बीच प्रतिफल बढ़ने से एफपीआई ने एफएआर सरकारी बॉन्ड से 17,689 करोड़ रुपये निकाले

**मुंबई:** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बाद बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 'फुली एक्सेसिबल रूट' (एफएआर) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों से 17,689 करोड़ रुपये निकाले हैं। यह वैश्विक निवेशकों में जोखिम से बचने की बढ़ती प्रवृत्ति और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति दबावों को लेकर चिंता को दर्शाता है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफएआर सरकारी प्रतिभूतियों (जीसेक) में एफपीआई का निवेश 27 फरवरी के 3,31,007.648 करोड़ रुपये से घटकर एक अप्रैल को 3,13,318.661 करोड़ रुपये रह गया है, जो हाल के सप्ताहों में विदेशी निवेशकों द्वारा निवेश घटाने का संकेत देता है।

# पश्चिम एशिया संकट के कारण कीमतों में बढ़ोतरी कर सकते हैं होटल, रेस्तरां



**मुंबई:** वाणिज्यिक (कमर्शियल) एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद, 'होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया' (एचआरएडब्ल्यूआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि आतिथ्य संस्थान जो पहले से ही पश्चिम एशिया युद्ध के कारण दबाव में हैं, परिचालन लागत में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की आंशिक भरपाई के लिए खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। एचआरएडब्ल्यूआई के प्रवक्ता प्रदीप शेट्टी ने बयान में कहा कि 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने के बाद से, आतिथ्य क्षेत्र में परिचालन लागत में भारी बढ़ोतरी देखी गई है, जिसका मुख्य कारण बार-बार होने वाले बंद, काम करने के सीमित घंटे, मेन्यू में बदलाव और खाना पकाने के वैकल्पिक तरीकों को अपनाना है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कारोबार के आकार में भी गिरावट आई है, जिससे कुल मिलाकर व्यवसाय की सक्षमता पर गंभीर दबाव पड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि इन सभी कारकों ने मिलकर परिचालन लागत को लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। शेट्टी ने बताया, 'वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी ने पहले से ही कम हो रहे मुनाफे पर और दबाव डाल दिया है। इस स्थिति को देखते हुए आतिथ्य क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के पास अब बढ़ती लागत के बोझ को आंशिक रूप से कम करने के लिए खानपान की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार करने के अलावा शायद ही कोई और विकल्प बचा हो।''

## न्यूज अपडेट

### कमज़ोर वैश्विक रुख के कारण चांदी 9,000 रुपये लुढ़की, सोना 3,500 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई। चांदी की कीमत 9,000 रुपये लुढ़ककर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि घरेलू बाज़ार में सुस्ती के माहौल के बीच सोना 3,500 रुपये टूटकर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत में 9,000 रुपये, या 3.66 प्रतिशत की गिरावट आई और यह पिछले बंद भाव 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम से लुढ़ककर 2,37,000 रुपये (सभी करों सहित) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 3,500 रुपये, या 2.26 प्रतिशत की गिरावट आई। यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।

### सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह 15.52 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के पार

**नयी दिल्ली:** सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में संशोधित अनुमान से मामूली रूप से अधिक रहा है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संशोधित अनुमान के अनुसार, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 15.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें सीमा शुल्क 2.58 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क 3.38 लाख करोड़ रुपये और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) 9.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

### एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ बना दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा मोबाइल सेवा प्रदाता

**नयी दिल्ली:** भारती एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। कंपनी ने जीएसएमए के आंकड़ों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस (जीएसएमए) दुनिया भर के मोबाइल संचालकों और संबंधित कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख संगठन है। कंपनी बयान के अनुसार, 'जीएसएमए इंटेलिजेंस' के मुताबिक मोबाइल ग्राहक आधार के लिहाज से भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। कंपनी भारत तथा अफ्रीका में सेवाएं देती है। भारती एयरटेल के कार्यकारी वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने कहा, 'हम नवाचार, विश्वसनीयता एवं सेवाओं के अनुभव के स्तर को और ऊंचा करने का प्रयास करेंगे, ताकि हर ग्राहक के साथ संपर्क भरोसा जीतने तथा मूल्य प्रदान करने का अवसर बने।'

### महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने गैर-इलेक्ट्रिक एसयूवी, वाणिज्यिक वाहनों के दाम 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाएगी

**मुंबई:** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी छह अप्रैल से अपने गैर-इलेक्ट्रिक एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने इस मूल्य वृद्धि का कारण लागत में बढ़ोतरी को बताया है। कंपनी ने बयान में कहा, महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने (आईसीई-पेट्रोल/डीजल आधारित) एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा करती है। सभी मॉडल पर यह औसत बढ़ोतरी 1.6 प्रतिशत होगी। कंपनी ने स्पष्ट किया कि यह बढ़ी हुई कीमतें छह अप्रैल से प्रभावी होंगी। हाल ही में पेश की गई एक्सयूवी7एक्सओ के मामले में यह मूल्य वृद्धि पहली 40,000 बुकिंग की डिलिवरी पूरी होने के बाद लागू होगी। लागत बढ़ने के चलते टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, बीएमडब्ल्यू, ऑडी इंडिया और मर्सिडीज-बेंज जैसी कई अन्य वाहन कंपनियां भी एक अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतें पहले ही बढ़ा चुकी हैं।

# निर्यातकों की मदद के लिए कुछ और फैसलों पर विचार जारी: गोयल

### भारत-ब्रिटेन एफटीए अगले 30 से 45 दिन में लागू हो सकता है

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले 30 से 45 दिन में लागू हो सकता है। गोयल ने पिछले महीने कैमरून में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के मौके पर ब्रिटेन के व्यापार और व्यवसाय मंत्री पीटर काइल के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'ब्रिटेन भी इस बात से बहुत खुश है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता संसद के दोनों सदनों में कितनी तेजी से पारित हुआ... और हम अगले 30 से 45 दिन में समझौते के लागू होने की संभावना देख रहे हैं।'




**नयी दिल्ली:** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव से निपटने में निर्यातकों की मदद के लिए कई उपायों की घोषणा की है और कुछ और फैसले विचाराधीन हैं। ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है। इससे व्यापारियों के लिए हवाई माल ढुलाई और बीमा लागत में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''निर्यातकों की मदद के लिए, सरकार ने एक राहत पैकेज के माध्यम से कुछ फैसलों की घोषणा की है। कुछ और फैसले विचाराधीन हैं, जिन पर विभिन्न स्तरों और मंत्रालयों में विचार किया जा रहा है।' राहत उपायों के तहत, सरकार कुछ माल ढुलाई सब्सिडी प्रदान करने पर विचार कर रही है। सरकार ने पिछले महीने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण प्रभावित निर्यातकों के लिए 497 करोड़ रुपये की 'रिलीफ' (निर्यात सुविधा के लिए मजबूत और लॉजिस्टिक हस्तक्षेप) योजना शुरू की थी। गोयल ने बताया कि कैमरून में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक के दौरान अन्य देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में, नेताओं ने युद्ध के प्रभाव पर चिंता व्यक्त की।

### यूपीआई ने मार्च में 22.64 अरब लेनदेन का रिकॉर्ड बनाया: डीएफएस




**नयी दिल्ली:** एकीकृत भुगतान व्यवस्था (यूपीआई) के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या मार्च महीने में 22.64 अरब के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। विभाग ने कहा, ''यूपीआई के जरिये मार्च 2026 में 22.64 अरब लेनदेन हुए हैं। डिजिटल भुगतान को अपनाने और इस क्रांति को आगे बढ़ाने के लिए भारत का धन्यवाद। आइए, लेनदेन का तरीका बदलने की इस यात्रा को जारी रखें!'' संख्या के लिहाज से इस महीने 22.64 अरब लेनदेन हुए, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह संख्या 18.3 अरब थी, जो 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। फरवरी में यूपीआई लेनदेन की संख्या 20.39 अरब थी।

### रुपये में जोरदार उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,700 अंक के पार



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 33.70 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,700 अंक के ऊपर 22,713.10 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 496.85 अंक यानी 2.19 प्रतिशत लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 22,782.30 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को घरेलू 'फॉरवर्ड' बाजारों' से प्रतिबंधित करने के लिए उठाए गए कई उपायों के बाद रुपये में आई तेजी ने भी निवेशकों के भरोसे को बेहतर बनाने में मदद की।



### फीफा ने विश्व कप फुटबॉल के फाइनल की टिकट की कीमत 10,990 डॉलर तक बढ़ाई

**ज्यूरिख:** फीफा ने 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर कर दी है। दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 डॉलर थी। न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 डॉलर कर दी गई है, जो पहले 5,575 डॉलर थी। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 डॉलर कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर अधिक है। बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के प्रमुख और कोच पर कैस ने डोपिंग के कारण आजीवन प्रतिबंध लगाया

**लुसाने:** खेल पंचाट के डोपिंग रोधी विभाग (कैस एडीडी) ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के निलंबित प्रमुख हाफिज इमरान बट और कोच इरफान बट पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। इन पर 2014 से 2016 के बीच देश के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थ देने में संलिप्त होने का आरोप है जिसमें नाबालिग भी शामिल हैं। पाकिस्तानी भारोत्तोलक अबुबाकर गनी पर भी चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने डोप परीक्षण में विफल होने के बाद सफाई देने के लिए नकली चिकित्सा पर्चे जमा किए थे। ताशकंद में 2021 की विश्व चैंपियनशिप के दौरान गनी का परीक्षण प्रतिबंधित हार्मोन और मेटाबॉलिक मॉड्यूलेटर 'टैमोक्सीफेन मेटाबोलाइट' के लिए पॉजिटिव आया था।

# रेड्डी के हरफनमौला खेल से सनराइजर्स ने केकेआर को 65 रन से हराया



- क्लासेन का अर्धशतक, हेड-अभिषेक ने दी तेज शुरुआत
- केकेआर की लगातार दूसरी हार

**कोलकाता :** नीतिश कुमार रेड्डी के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन और हेनरिच क्लासेन के जुझारू अर्धशतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ हैदराबाद ने मौजूदा सत्र में अपना खाता खोल लिया, जबकि केकेआर को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा।पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने 8 विकेट पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम को तेज शुरुआत ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 82 रन जोड़कर केकेआर के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। हेड ने 21 गेंदों में 46 और अभिषेक ने 21 गेंदों में 48 रन की विस्फोटक पारी खेली।मध्यक्रम में कुछ विकेट जल्दी गिरने के बाद क्लासेन और नीतिश रेड्डी ने पारी को संभाला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 82 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। क्लासेन ने 35 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि रेड्डी ने 24 गेंदों में 39 रन का योगदान दिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की शुरुआत तेज रही। फिन ऐलन ने महज 7 गेंदों में 28 रन बनाकर आक्रामक अंदाज दिखाया, लेकिन वह ज्यादा देर टिक नहीं सके। अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 52 रन बनाकर संघर्ष किया, जबकि रिंकू सिंह ने 35 रन की पारी खेली।हालांकि, नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से केकेआर की टीम दबाव में आ गई और पूरी टीम 16 ओवर में 161 रन पर सिमट गई। हैदराबाद के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पूरी तरह अपने नाम कर लिया।जयदेव उनादकट ने 3 विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई, जबकि इशान मलिंगा और नीतिश रेड्डी ने दो-दो विकेट झटके। रेड्डी को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास बढ़ा, फिटनेस पर मेहनत रंग लाई: रेड्डी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि उन्हें अपनी फिटनेस के लिए की गई मेहनत का फायदा मिल रहा है और इस तरह के प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रेड्डी ने बल्ले से 39 रन का योगदान देने के बाद दो विकेट भी चटकाए, जिससे उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। रेड्डी ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में प्रसारकों से कहा, ''मैं लंबे समय से ऐसे मैच जिताऊ प्रदर्शन का इंतजार कर रहा था और सही समय पर इसका आना बेहद खास अहसास है।'' उन्होंने कहा कि गेंदबाजी में भी सुधार से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। रेड्डी ने कहा, ''मैं सकारात्मक रहने की कोशिश कर रहा हूं। पिछले सत्र में मेरे दिमाग में काफी नकारात्मक विचार थे और मैं गेंदबाजी भी नहीं कर पाया। मैंने अपनी गेंदबाजी पर कड़ी मेहनत की और अब उसका फायदा मिल रहा है। इससे खुशी मिलती है और मैं अब काफी संतुष्ट हूं। ट्रेनर्स और फिजियो का धन्यवाद, अब मेरा शरीर पूरी तरह फिट है।''

### एक लाख दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम के निर्माण के लिए अधिकारियों से मिले एमसीए अध्यक्ष

**मुंबई:** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने मुंबई महानगर क्षेत्र में एक लाख दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम के निर्माण के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों से मुलाकात की। नाइक ने हाल ही में महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (सीआईडीसीओ) के अधिकारियों से मुलाकात कर स्टेडियम के निर्माण को लेकर चर्चा की। इस स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव काफी समय पहले रखा गया था। नाइक ने बयान में कहा, ''यह पहल महाराष्ट्र के खेल जगत के लिए एक निर्णायक क्षण है। मुंबई महानगर क्षेत्र में एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम न केवल मुंबई क्रिकेट को बढ़ावा देगा बल्कि महाराष्ट्र को वैश्विक खेल मानचित्र पर मजबूती से स्थापित भी करेगा।'

### आदित्य एशियाई चैंपियनशिप में आगे बढ़े

**उलानबटोर (मंगोलिया):** भारतीय मुक्केबाज आदित्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहौसाव के खिलाफ पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। आदित्य ने इस साल जनवरी में नौवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। आदित्य को अगले दौर में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस प्रतियोगिता में पूरे महाद्वीप के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

# हर क्रिकेटर को बचपन से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए: युवराज



**नयी दिल्ली:** विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रिकेटरों को अपने मुख्य पेशे के तनाव से निपटने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए। युवराज क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते हैं। उन्हें दूसरे 'इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल)' का ब्रांड दूत बनाया गया है। युवराज ने आईजीपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के अनावरण के मौके पर कहा, ''क्रिकेटरों को क्रिकेट के साथ-साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए। मुझे भी पहले गोल्फ खेलना चाहिए था, जिससे मुझे क्रिकेट में मदद मिलती। गोल्फ वास्तव में आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है।' आईजीपीएल का कार्यक्रम अभी तय होना बाकी है। उन्होंने कहा, 'ज्यादातर विदेशी क्रिकेटर, खासकर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बचपन से ही गोल्फ खेलते हैं।' युवराज ने कहा कि गोल्फ को एक विशिष्ट खेल माना जाता है, लेकिन यह एक ऐसा खेल है जो सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के माध्यम से सभी के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा, ''हम गोल्फ को एक विशिष्ट खेल मानते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि भारत का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हर बच्चे को हर खेल को आजमाना चाहिए।' युवराज ने कहा, 'मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारा सबसे लोकप्रिय खेल है, लेकिन गोल्फ भी एक रोमांचक खेल है, जिसे हर किसी को आजमाना चाहिए। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी के तौर पर, मैं अन्य खेलों में भी योगदान देना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'यह लीग (आईजीपीएल) खेल को रोमांचक बनाएगी और खेल के बारे में जागरूकता फैलाएगी। ज्यादा बच्चे इस खेल को अपनाएँगे, टीवी पर देखेंगे और खेलने के लिए प्रेरित होंगे। इससे खेल में पैसा आएगा और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी, और यह हमारी जिम्मेदारी है। इस साल की आईजीपीएल में 10 फ्रेंचाइजी और पूरे साल में 15 टूर्नामेंट होंगे, जिनमें मॉरीशस, कांगो, दक्षिण अफ्रीका और मोरक्को में दो सहित पांच विदेशी टूर्नामेंट शामिल हैं। आईजीपीएल की एलआईवी गोल्फ के साथ साझेदारी हुई है और इसे पेशेवर टूर के साथ भी एकीकृत किया गया है।

# बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में पांचवीं बार सैफ अंडर-20 खिताब जीतने उतरेगा भारत



**माले:** चार बार का चैंपियन भारत शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय स्टेडियम में पुरुषों की अंडर-20 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश से भिड़ेगा तो उसकी नजरें पांचवीं बार खिताब जीतने पर टिकी होंगी। हाल के समय में दोनों टीम के बीच कड़े मुकाबले हुए हैं जिसमें ग्रुप चरण में 1-1 से ड्रॉ भी शामिल है। ऐसे में इस फाइनल मुकाबले के भी काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। भारत के कोच महेश गवली ने बांग्लादेश से मिलने वाली चुनौती को स्वीकार किया। गवली ने कहा,''यह आसान नहीं होगा। बांग्लादेश एक आक्रामक और प्रतिभाशाली टीम है तथा हमारे लिए यह मुकाबला कड़ा होगा।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा स्टेडियम में उन्हें काफी समर्थन मिलेगा। हमारे खिलाड़ी इसके आदी हैं। हमें बस मैदान पर अपना प्रदर्शन करना है। लेकिन हम अपने लक्ष्य और प्रदर्शन पर ही ध्यान केंद्रित करेंगे।'' यह मुकाबला पिछले साल की सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल की यादें भी ताजा करता है जिसमें भारत ने निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराया था। बांग्लादेश उस परिणाम को पलटने के लिए बेताब होगा। दोनों टीम के बीच ग्रुप चरण में 28 मार्च को हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा था। उस परिणाम ने यह साबित कर दिया था कि दोनों टीमें एक-दूसरे को कितनी कड़ी टक्कर देती हैं। फाइनल तक पहुंचने का दोनों टीमों का सफर बिल्कुल अलग रहा है। भारत ने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए भूटान के खिलाफ पांच गोल दागे थे जबकि बांग्लादेश ने नेपाल को 1-0 के करीबी अंतर से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। भारत की आक्रमण की उम्मीदें एक बार फिर ओमांग डोडुम पर टिकी होंगी जो तीन गोल के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। विशाल यादव और रोहेन सिंह चाफामयुम ने दो-दो गोल किए हैं और वे भी टीम के लिए काफी अहम साबित हुए हैं। सबसे अधिक गोल करने वाला खिलाड़ी बनने की दौड़ अभी खुली हुई है और ऐसे में ये तीनों खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

वर्ष 11, पूर्णांक 3551 अंक 017 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in